

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 21 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-232 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# झीरम घाटी षड्यंत्र की जांच कर सकेगी छग पुलिस

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया फैसला, एनआईए की याचिका खारिज

■ नई दिल्ली 21 नवंबर

झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है. इसके साथ ही मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया है. जितेंद्र मुदलियार ने नक्सल हमले में वृहद षड्यंत्र की जांच करने एफआईआर दर्ज कराया था। एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर कहा था कि छत्तीसगढ़ पुलिस जांच नहीं कर सकती है. एनआईए जांच में सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर एनआईए की अपील को ख़ारिज कर दिया.कोर्ट ने कहा है कि जांच करने में छत्तीसगढ़ पुलिस सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि शीर्ष न्यायालय के फ़ैसले के बाद अब छत्तीसगढ़ पुलिस षड्यंत्र के एंगल की जांच कर सकती है.




ज्ञात हो कि 25 मई 2013 को कांग्रेस के बड़े नेताओं के काफिले पर नक्सलियों ने झीरम घाटी पर हमला कर दिया था। इस हमले में तबके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, उनके पुत्र दिनेश पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, जितेन्द्र मुदलियार के पिता पूर्व विधायक उदय मुदलियार, नेता प्रतिपक्ष महेन्द्रकर्मा सहित 30 कांग्रेस नेता मारे गए थे। झीरम घाटी षडयंत्र की जांच का मामला विधानसभा में भी उठा था तथा सीबीआई जांच की भी मांग की गई थी।

### अब षड्यंत्र से पर्दा हटेगा: सीएम

वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट किया है, सीएम ने कहा कि झीरम कांड पर माननीय सुप्रीम कोर्ट का आज का फ़ैसला छत्तीसगढ़ के लिए न्याय का दरवाज़ा खोलने जैसा है। झीरम कांड दुनिया के लोकतंत्र का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्याकांड था। इसमें हमने दिग्गज कांग्रेस नेताओं सहित 32 लोगों को खोया था। कहने को एनआईए ने इसकी जांच की, एक आयोग ने भी जांच की लेकिन इसके पीछे के वृहत राजनीतिक षडयंत्र की जांच किसी ने नहीं की। छत्तीसगढ़ पुलिस ने जांच शुरु की तो एनआईए ने इसे रोकने के लिए अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था। आज रास्ता साफ़ हो गया है। अब छत्तीसगढ़ पुलिस इसकी जांच करेगी। किसने किसके साथ मिलकर क्या षडयंत्र रचा था। सब साफ़ हो जाएगा। झीरम के शहीदों को एक बार फिर श्रद्धांजलि।

# फिर मंत्री बनूं और भूपेश बघेल ही मुख्यमंत्री बने यही मेरी इच्छा: लखमा

■ रायपुर 21 नवंबर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से भावी मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही बयानबाजियों के बीच आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा है कि, टीएस सिंहदेव, दीपक बैज बड़े नेता हैं। मैं दरी बिछाने वाला और झंडा उठाने वाला कार्यकर्ता। टीएस सिंहदेव और दीपक बैज की अपनी-अपनी राय है, लेकिन मेरी राय में आगे भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ही होना चाहिए। श्री लखमा ने कहा कि, भूपेश बघेल देश के सबसे बढ़िया सीएम रहे हैं। उन्होंने आदिवासियों को लिए बहुत काम किया है।



वहीं इस सवाल पर कि, यदि कांग्रेस पार्टी जीतती है और सरकार आती है तो क्या कवासी लखमा फिर से मंत्री बनेंगे? उन्होंने कहा- मंत्री बनना कौन नहीं चाहता। मैं भी चाहता हूं, लेकिन ये हाईकमान तय करेगा। वो बोलेंगे तो मंत्री बनूंगा, दरी बिछाने को बोलेंगे तो दरी बिछाऊंगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि, प्रदेश की सभी आदिवासी सीटों में कांग्रेस को जीत मिलेगी, प्रदेश के आदिवासी कांग्रेस के साथ हैं। पट्टा, पंचायती राज व्यवस्था से आदिवासी खुश हैं। श्री लखमा ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी जो बोलती है वो करती है। वहीं भाजपा जुमलेबाज पार्टी है। श्री लखमा ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में पिछली बार से ज्यादा सीट जीतकर कांग्रेस सत्ता में आएगी। छत्तीसगढ़ में 48 लाख लोगों ने वोट नहीं दिया, इस पर लखमा बोले- शहर में काम नहीं हुआ इसके जिम्मेदार मोदी और अमित शाह हैं। छत्तीसगढ़ में मोदी, अमित शाह ने कुछ नही किया, केवल श्वष्ठ और द्बञ्ज को भेजकर व्यापारी वर्ग को परेशान किया गया है। व्यपारी परेशान हैं, आने वाले समय में केंद्र में भी हमारी सरकार बनेगी और राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर युवक को दी मौत की सजा

**कांकेर 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर ग्रामीण युवक को मौत की सजा देने की सूचना दी है. नक्सलियों ने घटनास्थल पर बैनर लगाकर इस बात की पुष्टि की है. बताया जा रहा है कि, नक्सलियों ने ग्राम गोमे में जनअदालत लगाकर हत्या करने की बात कही है. मृतक युवक का नाम अमर सिंह उइका बताया जा रहा है. युवक अमर सिंह पर डीआरजी के लिए मुखबिरी कर दो ग्रामीणों की हत्या करने का नक्सलियों ने आरोप लगाया है. इस घटना की जिम्मेदारी रावघाट एरिया कमेटी ने ली है.इस मामले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा है कि घटना की जानकारी मिली है और मामले की जांच की जा रही है.आपको बता दें कि, इससे पहले कांकेर में नक्सलियों की बड़ी साजिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया है बताया जा रहा है क, 5 नग आईईडी बरामद,सुरक्षाबलो को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने द्बश्वष्ठ प्लांट कर रखी थी. मौके पर डीआरजी और बीडीएस की टीम पहुंची और तलाशी अभियान चलाया. पुलिस को जांच के दौरान करीब 25 किलो वजन का आईईडी बरामद हुआ है।

## संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को भेजा मानहानि का नोटिस

**जगदलपुर 21 नवंबर।** कांग्रेस में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। चुनावों के दौरान पार्टी के प्रत्याशी पार्टी कार्यकर्ताओं के भितरघात से परेशान रहे और अब पार्टी फिर से एक नए बवाल में उलझ गई है। दो दिनों पहले शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्टी से महिला नेत्री कमल झज्ज के निष्कासन का आदेश जारी किया था। इस आदेश के निकलने के बाद अब कमल झज्ज के वकील ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को नोटिस दिया है। नोटिस में लिखा गया है कि कमल झज्ज ने 28 जनवरी को ही पार्टी के सभी पदों के साथ प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 5 फरवरी को उन्हें महिला कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनाया गया था, तब भी उन्होंने पूर्व में दिए गए इस्तीफे का उल्लेख करते हुए पद लेने से मना कर दिया था। कमल के वकील ने नोटिस में कहा है कि कमल को चुनावों के दौरान कोई जिम्मेदारी भी नहीं दी गई थी, और उस दौरान वे एक आम नगारिक के तौर पर काम कर रही थी। वर्तमान में कमल कांग्रेस पार्टी की सदस्य भी नहीं हैं। वे किसी पद पर भी नहीं हैं ऐसे में पार्टी द्वारा निकालने का आदेश जारी करना मानहानि की श्रेणी में आता है। वकील ने पार्टी से तीन दिनों के भीतर मामले में जवाब तलब किया है।

### विवाद के बाद युवक की हत्या

**कोरबा 21 नवंबर।** जिले में दर्री थानांतर्गत साडा कॉलोनी में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति की हत्या किए जाने की खबर सामने आई। बताया जा रहा है कि, टाटा मोटर्स छूरी में कार्यरत नरेंद्र पाल सिंह उर्फ रोजी की हत्या कर दी गई। सुमित दास नामक व्यक्ति ने किन कारणों से वारदात को अंजाम दिया है इस बात का पता नहीं चल सका है। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, कोरबा के दर्री थाना क्षेत्र में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। साडा कॉलोनी निवासी सुमित दास नामक व्यक्ति ने कुसमुंडा निवासी नरेंद्र पाल सिंह उर्फ रोजी की प्राण घातक हमला कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि, मृतक रोजी छुरी के टाटा मोटर्स में कार्यरत है, जो बीती रात आरोपी के घर किसी काम से गया हुआ था। यही किसी बात को लेकर मृतक का आरोपी से विवाद हुआ जिसके बाद आरोपी ने रोजी की हत्या कर दी। आरोपी सुमित दास मुंबई की एक कंपनी में ऑनलाईन काम करता है और साडा कॉलोनी स्थित ऋष्भ कश्यप के घर पर किराए के मकान में रहता है।

### सेना पर हमलों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा: पाक

**कराची 21 नवंबर।** काकर ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में 9 मई की घटनाओं का जिक्र किया। कक्कड़ ने कहा कि अगर लोग किसी संस्था पर हमला करते हैं, जो देश को अराजकता से बचाने के लिए जिम्मेदार है, तो उन पर कानून के मुताबिक सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने कहा है कि इस साल 9 मई को सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर अभूतपूर्व हमलों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए और उन पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

# जय श्री राम, भारत माता की जय... क्या इससे हो जाएगा काम: वरुण गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की पीलीभीत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद वरुण गांधी के तेवर तल्ख हैं. इस बात कि चर्चा तो पहले से ही होती रही है कि 2024 के चुनाव में क्या बीजेपी वरुण गांधी को टिकट देगी? अब ये सवाल और गहरे हो गए हैं. दो दिन के दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे वरुण ने अपनी ही पार्टी के नारों, सरकारी योजनाओं की स्थिति और भ्रष्टाचार-बेरोजगारी को लेकर सवाल उठाए हैं. वरुण गांधी के ताजा तेवर को इस बात का संकेत माना जा रहा है कि वह अपनी अलग लकीर खींचने के मूड में हैं. दरअसल, वरुण गांधी ने कहा है कि जो लोग लोन नहीं जमा कर पाएंगे, उनकी संपत्ति की कुर्की होगी. उनकी संपत्ति नीलाम होगी. उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अब मैं पूछना चाहता हूं कि इसका इलाज क्या है? केवल नारे? वरुण ने आगे कहा कि जय श्रीराम, भारत माता की जय इससे हो जाएगा काम? उन्होंने आगे ये भी कहा कि मैं भारत माता को अपनी मां मानता हूं. मैं हनुमानजी का भक्त हूं, भगवान राम को अपना इष्ट मानता हूं. बीजेपी सांसद ने कहा कि लेकिन मैं आपसे एक बात पूछना चाहता हूं. आज जो बुनियादी समस्याएं हैं, उससे हर व्यक्ति ग्रसित है. उन्होंने कहा कि क्या उसका हल नारों से होगा या नीतिगत सुधार से होगा? बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने उज्ज्वला योजना को लेकर अपनी सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सात करोड़ लोगों को सिलेंडर दिया गया. अब ये सिलेंडर लोग दोबारा नहीं भरवा पाए. वरुण ने कहा कि 1100 रुपये के सिलेंडर का आम आदमी क्या करे. उन्होंने बेरोजगारी को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि आज 90 फीसदी नौकरियां संविदा पर दी जा रही हैं जिसका मतलब है जब मन तब रख लिया, जब चाहे फेंक दिया. वरुण गांधी ने कहा कि इस समय सरकारी विभागों में एक करोड़ पद खाली हैं. ये मेरा नहीं, सरकार का आंकड़ा है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इन खाली पदों को आप क्यों नहीं भरना चाहते?

# मुस्लिम देशों को सगा बनाने की कोशिश में लगा चीन

**नई दिल्ली 21 नवंबर।** चीन ने इजरायल और हमास की जंग में अपनी शातिर चालें चलनी शुरू कर दी है। गाजा में छिड़े युद्ध के बीच मुस्लिम देशों के नेताओं का जुटान चीन में हुआ। 20 अरब देशों के नेताओं ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी संग मुलाकात की है। चीनी विदेश मंत्री मुस्लिम देशों का सगा बनने की कोशिश के तहत कह रहा है कि उनका देश अरब और मुस्लिम देशों का अच्छा मित्र है और भाई की तरह से हमेशा रहा है। अब वित्तीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना और सऊदी सेंट्रल बैंक ने 50 बिलियन युआन (7.05 बिलियन) मुद्रा विनिमय समझौता स्थापित किया है। घोषित यह रणनीतिक समझौता आपसी सहमति के आधार पर नवीनीकरण की संभावना के साथ तीन साल की अवधि के लिए निर्धारित है। यह पहल चीन और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय व्यापार में घरेलू मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने, उनकी आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए डिज़ाइन की गई है।



यह समझौता दोनों देशों के बीच उनके आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगात्मक प्रयासों की एक श्रृंखला का अनुसरण करता है। अगस्त में चीन को सऊदी निर्यात में वृद्धि देखी गई, जो स्क्र13.7 बिलियन तक पहुंच गया, जो पारंपरिक तेल क्षेत्र से परे व्यापार के विविधीकरण का संकेत देता है। सितंबर में एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से बढ़ती साझेदारी पर और जोर दिया गया, जिसमें सड़क निर्माण और स्वायत्त वाहन विकास में प्रगति का वादा किया गया था, जिससे देशों के बीच परिवहन प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा करने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, चीन ने सऊदी अरब को स्वीकृत गंतव्य का दर्जा दिया, इस कदम से समूह पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में वृद्धि होने की उम्मीद है। अक्टूबर में सहयोग साहित्यिक क्षेत्र तक बढ़ा, सऊदी अरब के साहित्य आयोग ने चीन के राष्ट्रीय प्रेस के साथ गठबंधन बनाया। इस सहयोग का उद्देश्य संयुक्त अनुवाद परियोजनाओं के माध्यम से सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देते हुए शिपिंग मार्गों और बंदरगाह संचालन में सुधार करना है। मुद्रा विनिमय समझौता वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करके व्यापार निवेश बढ़ाने के लिए पारस्परिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह कदम दोनों देशों द्वारा अपनी अर्थव्यवस्थाओं में विविधता लाने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर लेनदेन पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

## कार ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

**बलौदाबाजार 21 नवंबर।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया और दूर तक घसीटा दिया. हादसे में घायल युवक की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है. वहीं कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना अंतर्गत बीती रात कार सवार ने मोटर साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी. बाइक सवार युवक कार के चक्के में फंस गया, जिसे कार चालक काफी दूर घसीट कर ले गया. हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए जिला हास्पिटल ले जाया गया. वहीं इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई. मृतक युवक का नाम ईमरान बताया जा रहा है.

आरोपी कार चालक की बलौदाबाजार में ज्वेलर्स दुकान है. देर रात खाली सड़क होने के बावजूद कार चालक नियंत्रण नहीं रख पाया. फिलहाल कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है. थाना प्रभारी अमित तिवारी ने बताया कि बीती रात सुभाष चौक में कार से एक्सीडेंट हुआ था. जिसमें इलाज के दौरान युवक ईमरान की मौत हो गई है।

आंवला नवमी....



रायपुर 21 नवंबर। जैतूसाव मठ में आज महंतराम सुंदरदास तथा अजय तिवारी की उपस्थिति में आंवला नवमीं मनाई गई।

## भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की फर्जी आईडी

**रायपुर 21 नवंबर।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल के फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है. फर्जी आईडी की शिकायत को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जेपी चंद्रवंशी सिविल लाइन थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की.

इस मामले को लेकर जेपी चंद्रवंशी ने कहा कि यह फर्जी अकाउंट राजनीतिक द्वेषवश दुरुपयोग करने के लिए बनाया गया है. जबकि यह फेसबुक अकाउंट जामवाल द्वारा संचालित नहीं किया जाता और इससे उनका कोई भी संबंध नहीं है. इसकी शिकायत कर उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है.

## 13वीं विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता : 2023 में आस्ट्रेलिया बना सरताज

jasclaudius@gmail.com

# सनसनीखेज पराजय जिसे पचा पाना कठिन

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

क्रिकेट के परिणाम को लेकर यह बात सौ प्रतिशत सही है कि पहले से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इसका उदाहरण 2023 के विश्वकप क्रिकेट मुकाबले पर एक नजर डालने से मिल जायेगा। टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच आस्ट्रेलिया से हुआ। इस चैंपियनशिप के 10 टीमों के बीच पहले चक्र में मुकाबला हुए। भारत ने शुरुवात की आस्ट्रेलिया से पहला मैच खेलकर इसमें भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को 6 विकेट से पछाड़ा बाद में अंतिम व फायनल मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से परास्त करके क्रिकेट का बादशाह बनने का अवसर पाया। मजेदार बात यह है कि भारतीय टीम शुरु से लेकर सेमीफायनल तक कभी आलआउट नहीं हुई। लेकिन फायनल में परिस्थिति ऐसी बन गई कि भारत के सभी बल्लेबाजों को बल्ले से खेल दिखाने का मौका मिला। लगता है भारतीय टीम के निचले क्रम के बल्लेबाज अपना खेल भूल गये थे। भारत में अपनी ही धरती, अपने ही लोगों के मध्य भारतीय टीम की शिकस्त आने वाले कई वर्षों तक भुलाया नहीं जा सकेगा। हमारी टीम की अचानक पराजय के कारणों के लिए उपरोक्त दोनों उदाहरण महत्वपूर्ण है। तीसरी बात हमारे खिलाड़ियों पर जीत का बोझ कुछ ज्यादा ही हो गया था। जब आप किसी विश्व चैंपियनशिप में विजेता बनने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं तो टीम के प्रत्येक खिलाड़ी का कर्तव्य बनता है कि वह हर मैच की जीत को बोझ के रूप में न ले। इस विश्वकप के फायनल मुकाबले को अगर आप एक बार रिप्ले करके देख लेंगे तो वास्तविकता बाहर निकलकर आ जाएगी। 240 रन का स्कोर खड़ा करने के पश्चात जब हमारे खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण कर रहे थे तो बेहद थके, अस्वस्थ, मानसिक रूप से पराजित लग रहे थे। ये सब एक महान टीम के खिलाड़ी लग ही नहीं रहे थे। क्षेत्ररक्षण की चहलकदमी स्पष्ट बतला रही थी कि वे परास्त होने के लिए मैदान में उतरे हैं। सुस्त, बेजान क्षेत्ररक्षण और खिलाड़ियों की गतिविधि इंगित कर रही थी कि भारतीय टीम ने मैच समाप्त होने के पहले ही पराजय को स्वीकार कर लिया है। खेल में हार या जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। एक टीम को सफलता मिलना दूसरे को असफलता मिलना तय होता है। ऐसी परिस्थिति में करीब एक लाख पच्चीस हजार उपस्थित दर्शकों को निराश करके भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में खेले गये इस मैच में एक सुरक्षा चूक भी हो गई। एक प्रशंसक जिसने अपने हाथों में फिलीस्तीन का झंडा पकड़े हुए था वह मैदान के अंदर चला गया। इस तरह जब भारत-आस्ट्रेलिया के इस क्रिकेट मैच को पूरी दुनिया के लगभग 5 करोड़ लोग सीधे प्रसारण द्वारा देख रहे थे ऐसी परिस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था में ढिलाई तथा खेल प्रशंसक का अति उत्साही होने से हमारे देश के सम्मान को ठेस पहुंचा है। भारतीय क्रिकेट को ऊंचाई पर ले जाने के लिए हमाहरे सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उनके लिए सीखने का अवसर है। इसके अलावा भारत की युवा पीढ़ी, उभरते खिलाड़ियों के लिए फायनल मैच की असफलता ने इस कथन को सत्य साबित किया है कि 'क्रिकेट में जब तक आखिरी गेंद फेंक न ली जाए तब तक टीम को सतर्क होकर मैच खेलना चाहिए।'

# इजरायल के खिलाफ 40 देशों ने खोल दिया मोर्चा

**येरूसलम 21 नवंबर।** इजरायल हमास युद्ध के बीच करीब एक हजार नाव को तुर्की से गाजा की ओर रवाना किया जाएगा। कथित तौर पर एक हजार नावें बुधवार को तुर्की में इकट्ठा होंगी और इजरायली नाकाबंदी को तोड़ने और इजरायल में आने वाले समुद्री व्यापार को बाधित करने के प्रयास में गाजा की ओर बढ़ेंगी। तुर्की समाचार वेबसाइट हैबर7 के अनुसार, नावें 40 देशों के 4,500 लोगों को ले जाएंगी, जिनमें ज़ायोनी विरोधी यहूदी भी शामिल हैं। तीन सौ तेरह नावें रूसी कार्यकर्ताओं से भरी होंगी, और 104 नावें स्पेनिश कार्यकर्ताओं से भरी होंगी। केवल 12 तुर्की जहाज़ फ़्लोटिला में शामिल होंगे।

विरोध प्रदर्शन के आयोजकों में से एक वोल्कन ओकू का कहना है कि फ्लोटिला गुरुवार को तुर्की के तटों को छोड़ने वाला है और उसने कसम खाई है कि वह अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सख्ती से पालन करेगा और कोई हथियार नहीं रखेगा, ताकि इज़राइल को कोई बहाना न मिले। हस्तक्षेप करने के लिए। यह अशदोद के इजरायली बंदरगाह की ओर बढ़ने से पहले साइप्रस में पहला पड़ाव बनाने के लिए तैयार है। फ़्लोटिला में कुछ प्रतिभागी कथित तौर पर अपने जीवनसाथी और बच्चों को भी अपने साथ ले जाएंगे। विरोध कार्रवाई मई 2010 में गाजा फ्रीडम फ्लोटिला द्वारा किए गए प्रयास की याद दिलाती है, जिसने हमास-नियंत्रित गाजा पट्टी पर समुद्री नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी।

# दुर्ग जिले की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है:जितेन्द्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,21 नवंबर।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि 17 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिले की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है और दुर्ग जिले की सभी सीटों पर भाजपा अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। प्रदेश में बनने वाली भाजपा की सरकार में दुर्ग जिले का अहम योगदान रहेगा।

दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विधानसभा चुनाव 2023 में ऐतिहासिक मतदान के लिए दुर्ग जिले की जनता को साधुवाद देते हुए कहा कि दुर्ग जिले की जनता ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भागीदारी देते हुए ऐतिहासिक मतदान करके परिवर्तन का संकेत दे दिया है। जनता ने भरपूर उत्साह दिखाते हुए खुलकर मतदान किया है, जिससे स्पष्ट रूप से यह प्रतीत हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी को ही जनादेश मिलने जा रहा है।



दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर जिला स्तर के तक सभी का कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर कहा कि उन्हें जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनता और पार्टी के बीच में सेतु के रूप में काम करते हुए तत्परता से पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम, अभियान, और संदेश को सफलता के साथ जनता तक पहुंचाया, जिसका ही यह सुपरिणाम दिखाई दे रहा है कि न केवल दुर्ग जिले की सभी सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करने जा रही है बल्कि प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार भी बन रही है। उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ वर्षो से दुर्ग संगठन जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत और गंभीरता के साथ निभाते हुए कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर आक्रोश दिखाया, यहां तक कि कांग्रेस सरकार की लाठियों और झूठी एफआईआर से भी कार्यकर्ता भयभीत नहीं हुए और जमकर प्रतिकार किया। आज दुर्ग जिले में भाजपा के सभी प्रत्याशी अपनी विजय की ओर अग्रसर है, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि सत्ताधारी नेताओं से भरे दुर्ग जिले में कार्यकर्ताओं ने जिस साहस और प्रखरता के साथ भाजपा का परचम लहराकर कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों को उजागर किया, उसके लिए कार्यकर्ताओं का जितना अभिनंदन किया जाए वह कम है।

## सिटी बस ना चलने से स्टूडेंट परेशान

**कवर्धा, 21 नवंबर।** सुबह सुबह सीटी बस के ना चलने से स्टूडेंट को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । सीट में बैठने की जगह नही मिल रही है । जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधि को ध्यान देना चाहिए की गांव के बच्चे अच्छे से सीट पर बैठकर स्कूल या कालेज पहुंचे । लेकिन दुर्भाग्य की बात है की आखिर सीटी बस संचालक भी ध्यान क्यो नही दे रहे है । कालेज , स्कूल के स्टूडेंट की चिंता को कब समझेगी ! बोडला ब्लॉक के बच्चो ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा की सिटी बस ना चलने से होती है दिक्कत । बीजेपी जिला महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की अधिकारियों से चर्चा की जाएगी जिससे सीटी बस जल्द चालू हो जय ।

## एक नजर

### डिलवरी ब्वाय से लूटे 4 फोन

**भिलाई, 21 नवंबर।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत प्लान बनाकर डिलीवरी ब्वाय से आईफोन लूटकर फरार होने वाले पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी, 394 के तहत की है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि शक्ति नगर शिव मंदिर दुर्ग निवासी रवि देवांगन 4-5 माह से फ्लिप कार्ड कंपनी में डिलीवरी ब्वाय का काम करता है जिसका नेहरू नगर प्रोफेसर कालोनी में है। 18 नवम्बर को कंपनी के राजू बर्मन ने पीड़ित को बताया कि संतोष ने एप्पल आईफोन चार मोबाइल का ऑर्डर दिया था जिसकी सूचना ऑफिस से मिली डिलीवरी सामान लेकर सुबह बाइक से निकला था जिसमें चार एप्पल आईफोन का पैक था। जिसे डिलीवरी ब्राम्हण पारा दुर्ग में करना था पहुंचकर मोबाइल के लिए आर्डर किया मोबाइल नंबर धारक संतोष को फोन कर संपर्क किया उसने ब्राम्हणपारा के बजाये मोहलाई गौठान के पास आने को कहा डिलीवरी ब्याय मोहलाई गौठान तालाब के पास पहुंचा जहां दो युवक एक्सेस काले रंग की वाहन से पीड़ित के पास पहुंचे एक व्यक्ति अपने चेहरे में काले कलर का स्कार्फ बांधा था आर्डर किए मोबाइल को लेकर पूछने लगा तब उन्हें मोबाइल दिखाया। तभी मोबाइल से क्युआर स्कैन करने लगा इस दौरान अज्ञात युवकों ने चारों लेकर फरार हो गए।

### डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान, मिले नये प्रकरण

**भिलाई, 21 नवंबर।** विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 20 नवंबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 01 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव 02 मरीज भर्ती हैं। जो हाउसिंग बोर्ड कैंप-1 भिलाई का रहवासी है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जन स्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफोस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 184095 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या- 209272 जिनमें से 86043 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 119610 स्थानों में टेमीफोस डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 180087 पम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

### शिविर में 40 युनिट ब्लड किया गया एकत्रित

**दुर्ग, 21 नवंबर ।** कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा, सीएमएचओ डॉक्टर जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर ए. के. साहू के निर्देशानुशार जिला चिकित्सालय दुर्ग में भर्ती क्रिटिकल पेशेंट, सिकलिन, थैलीसीमिया, डिलीवरी, डेंगू से पीड़ित जैसे मरीजों के लिए आपात स्थिति को देखते हुए रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु दुर्ग जिला रक्त केन्द्र के द्वारा श्री जलाराम जयंती के अवसर पर जिला दुर्ग के द्वारा 19 नवंबर 2023 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन एवं डॉ निकिता श्रीवास्तव, काउंसलर एंथोनी, स्टॉफ नर्स श्रीमती सती गुप्ता, श्रीमती तरुणा रावत लैब सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन तरन्नुम जहां, निगार परवीन, चतुर्थ श्रेणी श्री कौशल साहू, ब्लड बैंक डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रियांशा देवांगन, नवदृष्टि फाउंडेशन के श्री राज अड़तीया आदि के विशेष सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया।

### आयुक्त ने गाय एवं कान्हा की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव स्थित गोकुल नगर के गौठान में आज गोपालष्टमी के दिन गोवर्धन,गाय और बछड़े तथा गोपाल की पूजन का विधान है।इस दिन पूजा करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।सोमवार को गौठान पहुँचकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गो पूजा की।उन्होंने गौठान में अन्य लोगो के साथ गाय की पूजाकरभोजन भी कराया। पुलगांव स्थित गोकुल नगर के गौठान मे गोपाष्टमी महापर्व धूमधाम से मनाया गया।गोपाष्टमी पर्व कृष्ण की लीला गौचारण का पर्व है जो गौवंशो के स्वछंद विचरण एवं सुख समृद्धि का प्रतीक है आज गोपाष्टमी के अवसर पर शहरी गौठान पुलगांव मे धूमधाम से यह पर्व मनाया गया जिसका प्रारम्भ गौवंशो के पूजन एवं भजन कीर्तन से हुआ। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और अन्य लोगो साथ विधि विधान से गौवंशो की पूजा अर्चना की। भक्ति भजनो के साथ कार्यक्रम के अगले चरण मे हनुमंत शक्ति अखाडा के युवाओं द्वारा बहुत ही सुन्दर अखाडा की प्रस्तुति दी।

### आयुक्त ने शहरी गौठान में गोपालष्टमी के महापर्व पर गाय एवं कान्हा की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव स्थित गोकुल नगर के गौठान में आज गोपालष्टमी के दिन गोवर्धन,गाय और बछड़े तथा गोपाल की पूजन का विधान है।इस दिन पूजा करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।सोमवार को गौठान पहुँचकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गो पूजा की।उन्होंने गौठान में अन्य लोगो के साथ गाय की पूजाकरभोजन भी कराया। पुलगांव स्थित गोकुल नगर के गौठान मे गोपाष्टमी महापर्व धूमधाम से मनाया गया।गोपाष्टमी पर्व कृष्ण की लीला गौचारण का पर्व है जो गौवंशो के स्वछंद विचरण एवं सुख समृद्धि का प्रतीक है आज गोपाष्टमी के अवसर पर शहरी गौठान पुलगांव मे धूमधाम से यह पर्व मनाया गया जिसका प्रारम्भ गौवंशो के पूजन एवं भजन कीर्तन से हुआ। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और अन्य लोगो साथ विधि विधान से गौवंशो की पूजा अर्चना की। भक्ति भजनो के साथ कार्यक्रम के अगले चरण मे श्री हनुमंत शक्ति अखाडा के युवाओं द्वारा बहुत ही सुन्दर अखाडा की प्रस्तुति दी जिससे उपस्थित गौभक्तो मे उत्साह का संचार हुआ।

## पौधरोपण का होगा आडिट, आयुक्त ने गठित की टीम

**भिलाई, 21 नवंबर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लक्ष्य के आधार पर किये गये वृक्षारोपण की आडिट के लिए आयुक्त ने टीम गठित कर 3 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने, बिजली पोल में किये गये नम्बरिंग की पूर्णतः प्रमाण पत्र तथा ऑनलाइन शिकायत में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने किया। आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई के सौदर्यीकरण एवं हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत जी.ई.रोड, उद्यान, शासकीय भूमि, अस्पताल परिसर, गौठान, एस.एल.एम.आर. सेंटर, व्यावसायिक क्षेत्र आदि में वृक्षारोपण के निर्देश वर्षा ऋतु के पूर्व दिये थे। जिसके लिए प्रत्येक जोन को वृक्षारोपण करने लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वर्तमान में किये गये वृक्षारोपण की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने अभियंताओं की टीम गठित कर 3 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रसारित किये हैं। टीम के सदस्य वृक्षारोपण स्थल का मौका मुवायना कर सुख गये पेड़, छतिग्रस्त पाईप की जानकारी एकत्र करेगे, ठेका प्राप्त एजेसी को खाद पानी नियमित रूप से प्रदान किये जाने की जानकारी भी प्रारूप में प्रस्तुत करेगें। उक्त जानकारी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रदान करते हुए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने आगे कहा की आयुक्त द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के सभी बिजली खम्बो की नंबरिंग के साथ बंद लाईट को बदल कर चालू करने के निर्देश दिये थे इसकी भी जानकारी टीम के सदस्य उपलब्ध करायेगें। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा जारी ऑनलाइन शिकायत में दर्ज शिकायत पत्रों के निराकरण की भी उन्होंने समीक्षा की। अपर आयुक्त ने सारथी ई-एप्प, जन चौपाल, जन शिकायत में दर्ज शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निराकरण कर शिकायत को विलोपित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, रमाकांत साहू, सभी जोन के आयुक्त, सहायक अभियंता, उपअभियंता, विभाग प्रमुख सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## हरि ओम बाबा गौशाला ट्रस्ट ने गौशाला में मनाई गोपाष्टमी



**भिलाई, 21 नवंबर।** श्री हरिओम बाबा गौशाला ट्रस्ट ग्राम जरवाय के गौशाला में सोमवार को गोपाष्टमी पर्व पर गायों की पूजा की गई। ट्रस्ट के सदस्यों एवं आमंत्रित अतिथियों ने गायों को हरी घास, गुड के भेले,चूरमा एवं पौष्टिक चारा भी खिलाया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं महासचिव रतनलाल अग्रवाल ने गौशाला के रखरखाव से संबंधित जानकारी दी। संतोष अग्रवाल ने बताया कि गौशाला की शुरुआत उनकी फैक्ट्री में 5 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी, फैक्ट्री में जगह की कमी को देखते हुए एक बड़े जगह की आवश्यकता महसूस की गई तथा ग्राम जरवाए में गौशाला की सभी सुविधाओं के साथ व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गाय, बैल , सांड, बछड़े, बछिया की संख्या 300 से अधिक है। गौशाला के पूरी तरह संचालन में हर साल करीब 85 लाख रुपए खर्च होते हैं, जिसकी व्यवस्था ट्रस्ट के सदस्यों, अग्रवाल समाज के लोगों एवं प्रमुख समाजसेवियों की आर्थिक मदद से की जा रही है। गौशाला में दूध नहीं देने वाली एवं बीमार गायों की भी पूरी तरह से देखभाल की जा रही है। जहां गायों की पूजा वहां समृद्धि अग्रवाल ने बताया कि गुजरात के एक जज ने एक कसाई को सजा देते हुए कहा कि जहां पर गायों की पूजा की जाती है, उस क्षेत्र का भरपूर विकास और समृद्धि होती है। हमने बताया कि भारत की आजादी के समय देश में गायों की संख्या करोड़ों में थी लेकिन अब घटकर मात्र 3 करोड़ के आसपास हो गई है। श्री अग्रवाल ने देश की आजादी के लिए अपनी जान गवाने वाले मंगल पांडे का भी संस्मरण सुनाया जिसके अनुसार एक गांव में जब मंगल पांडे ने एक महिला से पानी मांगा तो महिला ने उसे पानी देने से इनकार कर दिया तब मंगल पांडे ने पानी नहीं देने का कारण पूछा तो महिला ने कहा की तुम अंग्रेज के सिपाही हो और तुम लोग गाय की मांस से बना कारतूस चलाते हो इसलिए पानी नहीं पिला सकती। गाय की पूजा का महत्व भी अग्रवाल ने बताया और कहा कि जो व्यक्ति गाय की सेवा और पूजा करते हैं, उनके घरों में निश्चित तौर पर समृद्धि आती है। श्री अग्रवाल ने बताया कि गौशाला में खास किस्म के खाद, शुद्ध घी एवं गोबर के विशेष लड्डू अत्यधिक सस्ते दामों में बिक्री किए जाते हैं। गोमूत्र का अर्क निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

### कामधेनु विश्वविद्यालय के विद्यार्थी करेंगे रिसर्च

कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि श्री हरिओम बाबा गौशाला अपने आप में एक विकसित गौशाला है तथा यहां के प्रोजेक्ट को अतिशीघ्र हाथ में लेकर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से रिसर्च करवाया जाएगा। ट्रस्ट के कैलाश अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया। अतिथियों में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल ( दुर्ग) कमल नारायण रूंगटा, मूलचंद जैन, पवन अग्रवाल, महादेव बंसल, सुधीर अग्रवाल, दान मल पोरवाल, संतोष अग्रवाल मौजूद रहे।



## अपर आयुक्त के औचक निरीक्षण में 150 अधिकारी एवं कर्मचारी नदारद

**भिलाई, 21 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन का मतदान संपन्न होने के बाद निगम में जनहित के कार्यो को पटरी पर लाने हेतु आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने निगम मुख्यालय के सभी विभागों का औचक निरीक्षण कर विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जाँच किये तो 150 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित पाये गये। आयुक्त रोहित व्यास ने चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य पर मुस्तैद रह कर जनहित के कार्यो को गति प्रदान करे, इस उद्देश्य को लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी को निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के सभी विभागों का अवलोकन कर अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जॉच किये जाने के निर्देश दिये गये थे, जांच में विभाग प्रमुख सहित 150 अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित रहे। अपर आयुक्त द्विवेदी ने डाटा सेंटर को सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का निष्ठा एप्प में जांच कर देर से आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है, उसी प्रकार स्थापना अधीक्षक को उपस्थिति पंजी की जांच कर अनुपस्थित रहने वालो को नोटिस दिये जाने का निर्देश दिये है।

## स्ट्रांग रूम की मॉनिटरिंग के लिए सौंपा अधिकारियों को दायित्व

**भिलाई, 21 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मतदान पश्चात् स्ट्रांग रूम श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी, भिलाई में ईव्हीएम/वीवी पैट मशीनों के सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उक्त स्थल में सुरक्षा व्यवस्था निगरानी एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु संयुक्त कलेक्टर दीपक निकुंज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मतगणना स्थल कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी के सहायक अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के श्रीमती रीना साहू, नायब तहसील दुर्ग सुश्री ज्योत्सना वर्मा एवं सहायक कार्यपालन अभियंता शशीकांत वर्मा को 20 से 22 नवम्बर तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं को आदान प्रदान करेंगे। इसी प्रकार सहायक अधिकारी नायब तहसीलदार दुर्ग ढालसिंह बिसेन, अधीक्षक, भू-अभिलेख दुर्ग अजीत चौबे, उद्यान विकास अधिकारी मुकेश वासनिक को 23 से 25 नवम्बर 2023 तक तथा सहायक अधिकारी अधीक्षक भू-अभिलेख दुर्ग आदित्य कुंजाम, उप अभियंता नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग संदीप पटेल एवं उप अभियंता जल संसाधन विभाग राजेन्द्र कुमार सोनी को 26 से 29 नवम्बर 2023 तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं को आदान प्रदान करेंगे। इसी तरह नोडल अधिकारी के सहायक अधिकारी नायब तहसीलदार धमधा श्रीमती कविता पटेल, सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख दुर्ग आलोक शुक्ला एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग बालकिशन साहू को 30 नवम्बर से 03 दिसम्बर तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं को आदान प्रदान करेंगे।

## वायर रॉड मिल ने स्थापित किये नये कीर्तिमान



भिलाई, 21 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल (डब्ल्यूआरएम) ने टीएमटी एफई 500 डी ईक्यूआर (भूकंपरोधी) वायर रॉड्स के सेक्शन 8 और 10 मिलीमीटर (मिमी) की रोलिंग में नई ऊंचाई दर्ज की। 19 नवंबर 2023 को मिल ने एक ही शिफ्ट में टीएमटी वायर रॉड्स के 628 बिलेट्स (609 टन) रोल कर नया शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया। पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 9 मई 2023 को एक शिफ्ट में 624 बिलेट्स (599 टन) का था। वायर रॉड मिल ने 19 नवंबर 2023 को टीएमटी एफई 500 डी ईक्यूआर वायर रॉड्स के सेक्शन 8 और 10 मिलीमीटर में 1657 टन की रोलिंग कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया। इस ग्रेड की पिछली सर्वश्रेष्ठ रोलिंग 10 अप्रैल 2023 को 1632 टन दर्ज की गयी थी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्त वर्ष के प्रथम सात महीने, अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक वायर रॉड मिल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 31.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में 2,57,989 टन का उत्पादन किया जबकि अप्रैल से अक्टूबर 2022 में मिल ने 1,95,655 टन उत्पादन दर्ज किया था।

## शासन के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण मंडल की कार्रवाई

**दुर्ग, 21 नवंबर ।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, प्रिसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में पारित आदेश के परिपालन में इस वर्ष दीपावली के दिन पटाखें फोड़ने के लिये रात 08,00 बजे से 10.00 बजे तक का समय सीमा निधारित किया गया। अन्य पर्वो जैसे- छठ पूजा - प्रातः 06:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक गुरू पर्व रात्रि 08:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक नया वर्ष/ क्रिसमस - रात्रि 11:55 बजे से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़े जाने का समय तय किया गया है। इसका पालन करने हेतु कड़ी निगरानी किया जाना है। कम उत्सर्जन करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों का निर्माण एवं विक्रय किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य पटाखों के उत्पादन एवं विक्रय पर रोक लगाया जाना है छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई के क्षेत्रीय अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार पटाखों के उपयोग के संबंध में अन्य निर्देश माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सिविल) क्रमांक 728/ 2015 श्री अर्जून गोपाल विरूद्ध युनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के परिपालन में सीरीज पटाखे अथवा लड़ियो के विक्रय, उपयोग एवं निर्माण को प्रतिबंधित करना है। केवल उन्ही पटाखों को विकय किया जाना है जिसका ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा (125 डेसीबल) के भीतर हो। आनलाईन अर्थात ई- व्यापारी वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार कम्युनिटी फायर क्रेकिंग के लिये नगरीय निकायों को अपने अधिकार क्षेत्र में एक उपयुक्त स्थल का निर्धारण शीघ्र कर आम जनता को उक्त स्थल की जानकारी आवश्यक रूप से दिया जाना सुनिश्चित करना होगा। पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण बिमारियों के घातक रूप की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध मे व्यापक स्तर पर जनजागरूकता का प्रयास जारी है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, भिलाई द्वारा दीपावली के अवसर पर शहर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता का मापन का कार्य किया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने के उपरांत मण्डल मुख्यालय के माध्यम से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित की जाएगी।



## बिटिया की शादी के लिए ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने दी 25 हजार की सहायता

भिलाई, 21 नवंबर। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा विगत 18 वर्षो से कार्यरत शहीद वीर नारायण सिंह नगर, आई टी आई निवासी मोहम्मद आसिफ़ को उनकी बहन की शादी के लिए एसोसिएशन द्वारा नगद 25 हजार सहायता राशी प्रदान की गई। साथ ही एसोसिएशन के समस्त सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएँ दी गई। मुख्यरूप से भिलाई ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के संरक्षक अचलजीत भाटिया, अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, प्रभुनाथ मिश्रा, गनी खान, एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, सुधीर सिंह ठाकुर, रुद्रा दादा, सुनील चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, निर्मल सिंह, सचिव दिलीप खटवानी, बलजिंदर सिंह बिल्ला, महेंद्र सिंह, शाहनवाज़ कुरैशी, अमित सिंह, सोम सिंह, यश सिंह, अजय कुमार, आशीष पाण्डेय, अमित सिंह, गुरप्रीत सिंह हैरी, पीतांबर, जॉन व समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्व.प्रदीप केडिया स्मृति पांचवी रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित

**रायपुर 21 नवंबर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा केडिया स्टील कारपोरेशन के सहयोग से दिनांक 18 से 19 नवंबर, 2023 तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित स्व. श्री प्रदीप केडिया स्मृति-पांचवीं रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2023÷ कल संपन्न हुयी। उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव श्री विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि सीनियर पुरुष एकल वर्ग में ऋषभ नागवानी, सीनियर महिला एकल वर्ग में चहक कटारिया, कैडेट बालक एकल वर्ग में श्रेष्ठ मिश्रा तथा कैडेट बालिका एकल वर्ग में लावण्या पांडे विजेता बने7 प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी जी थे। मंच पर राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव श्री विनय बैसवाड़े, अंतरराष्ट्रीय अंपायर श्री प्रवीण निरापुरे एवं मुख्य निर्णायक श्री पी.एन. मजुमदार उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन की पहल को निर्वाचन आयोग ने खूब सराहा

**रायपुर 21 नवंबर।** जिला निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर उत्तर विधानसभा में चुनाव का दायित्व महिलाओं को सौंपे जाने के अभिनव पहल को भारतीय निर्वाचन आयोग ने मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए जिला निर्वाचन आयोग को बधाई दी है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस पहल का स्वागत करते हुए अपने अधिकृत फेसबुक पर भी इसे पोस्ट किया हैं।

### त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में जगद्धात्री पूजा का आयोजन

**रायपुर 21 नवंबर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र



नगर द्वारा 21 नवंबर को जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन आंवला नवमी के साथ ही जगद्धात्री पूजा का महा पर्व शुरू होता हैं। हिन्दू धर्म में जगद्धात्री पूजा का नवरात्रि पूजा की तरह विशेष स्थान है। ये पूजा पश्चिम बंगाल और ओडिशा में खासकर की जाती है। त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर के सचिव श्री विवेक बर्धन ने बताया कि 21 नवंबर मंगलवार को सुबह 8.30 बजे से पूजा प्रारंभ होगी। सुबह 10 बजे पुष्पांजलि के बाद 10.30 बजे भोग आरती का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे अष्टमी पूजा, 12.30 बजे पुष्पांजलि और 1 बजे भोग आरती होगी। महानवमी पूजा दोपहर 1 बजे, 2.30 बजे पुष्पांजलि, अपरान्ह 3 बजे भोग आरती के पश्चात 3.30 बजे से हवन और फिर भोग वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 22 नवबंर को सुबह 8.30 बजे दशमी पूजा और 9 बजे दर्पण विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। पूजा के दौरान समिति के समस्त पदाधिकरीगण, सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहेंगे। श्री बर्धन ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि दुर्गा माता इस दिन धरती पर फिर से जगत की धात्री के तौर पर आती हैं। यह मान्यता है कि जगद्धात्री माता दुर्गा का ही एक अवतार है। यह तंत्र से उत्पन्न हुई है। यह मां काली और दुर्गा के साथ ही सत्व रूप में है। इन्हें राजस एवं तमस का प्रतीक माना जाता है। श्री बर्धन के अनुसार यदि हम इसका इतिहास देखें तो सर्वप्रथम इस पूजा का प्रारंभ सन 1750 में पश्चिम बंगाल के चंदन नगर से हुआ था। इंद्रनारायण चौधरी ने सबसे पहले अपने घर में जगद्धात्री पूजा की थी। कहा जाता है कि इस त्योहार की शुरूआत रामकृष्ण मिशन के संस्थापक रामकृष्ण परमहंस की पत्नी ने की थी। उनकी पत्नी पुनर्जन्म में काफी विश्वास रखती थीं और उनका कहना था कि मां इस दिन फिर से धरती पर आकर दुष्टों का नाश कर के खुशियां देने आती है। धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल सहित बिहार, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों में भी यह पूजा की जाने लगी।

# जोरातराई मे 23 को जागव तुलसी पूजन महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 नवंबर।** ग्राम जोरातराई (मनगटा) मे जागव युवा ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में देवउठवनी एकादशी के अवसर पर जागव तुलसी पूजन महोत्सव का आयोजन 23 नवंबर को किया जा रहा है। जागव युवा ग्रुप के अध्यक्ष रमाकांत साहू ने बताया कि 23 नवंबर दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी और 12 से 3 बजे तक तुलसी पूजन के पश्चात महाप्रसादी वितरण किया जाएगा एवं रात्रि में 9 बजे से रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुनेश्वर शोभाराम बघेल अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ विधायक डोंगरगढ़ ,भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ,अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ,विशेष अतिथि श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सदस्य जिला पंचायत सदस्य, दुर्गेश द्विवेदी सदस्य कृषि उपज मंडी , रतन लाल यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस घुमका, मोहनीश धनकर जनपद सदस्य,ओम प्रकाश साहू जनपद सदस्य, सौरभ वैष्णव अध्यक्ष युवा कांग्रेस ,अखिलेश दुबे महामंत्री, गिरीश साहू विधायक प्रतिनिधि ,तुलदास साहू, ललित चादतारे, संतोष कुमार साहू सरपंच, परमानंद साहू, राजेंद्र यदु, संदीप वर्मा, नेमूचंद साहू के आदि के अतिथ्य मे होगा। आयोजक समिति के, अध्यक्ष रमाकांत साहू, सोमेश साहू उपाध्यक्ष, मोनेश कुमार कोषाध्यक्ष, खिलेंद्र कुमार महासचिव, विकेश कुमार सचिव, भूपेंद्र कुमार प्रवक्ता सहित सभी सदस्यगणों ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी है और क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# सफलता पाने के लिए करें कड़ी मेहनत:छबिलाल साहू

■ आयुर्वेद को जिंदगी में आत्मसात करे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 नवंबर।** अल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड हेल्थ इस लाइफ के तत्वाधान में द सिंह होटल राजनांदगांव में ड्रीम बिल्डिंग सेमिनार का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अल्टोस सम्राट कोमल साहू एवं छबिलाल साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से शुरू हुआ तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अल्टोस सम्राट कोमल साहू ने संबोधित करते हुए अल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी में काम करते हुए अपनी सफलता और कामयाबी को बताई उन्होंने कहा कि जिंदगी में अर्ष से लेकर फर्श का सफर मैंने किया अपने और अपने टीम के साथियों के हर सपना को पूरा किया और उन्होंने सफलता की सूत्र लोगों को बताए।

*जो मैने किया वही टीम ने किया, मिली बड़ी सफलता÷ छबि लाल साहू **

छबिलाल साहू (जिला महासमुंद) ने कहा कि कड़ी मेहनत करने से सफलता मिलती है, उन्होंने आगे कहा कि अल्टोस के प्रति समर्पण, अपलाइन के प्रति सम्मान डर होना चाहिए और अपने रिलेशनशिप व्यवहार को सदैव बनाकर रखें उन्होंने बताया कि उनकी अल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड की टीम से उन्होंने अपने टीम को 100 कारे (गाड़िया) लोगों की चल रही है उन्होंने आगे कहा कि जीवन में आत्मसात करने से सफलता मिलती है ,जीवन में कभी भी किसी काम को छोटा मत समझो दर संकोच को दूर रखें रिलेशनशिप संबंध बनाकर रखें किसी भी चीज को पाने के लिए भूख होना चाहिए, लगातार करते रहने से सफलता मिलती है।

अल्टोस लीडर गजेंद्र ठाकुर,कोमेन्द्र पटेल,कामता साहू, भीखम चंद साहू ने कंपनी की प्रोफाइल को बताते हुए कहा कि यह भारत की कंपनी है पंजाब लुधियाना की कंपनी है। 1981 से यह कंपनी काम कर रही है और 2000 से डायरेक्ट सेलिंग नेटवर्क मार्केटिंग में 24 वा वर्षगांठ 7 जनवरी को रायुरकेला में मनाई जाएगी उन्होंने आगे बताया कि कंपनी 8 सेक्टर में काम करती है और भारत में ही नहीं विदेशों लगभग 12 देशो में भी काम कर रही है उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है उन्होंने बताया कि लोगों को जरूरत नहीं मजबूरी हो गई है ।आयुर्वेद की शुरुआत तुलसी से हुआ है उन्होंने कई प्रोडक्टों के इस्तेमाल करने का लाभ लोगों को अवगत कराया बीमारी की वजह होने का लोगों को बताया और उससे बचने का उपाय भी बताया। इस दौरान मुख्य रूप से कामता प्रसाद साहू श्रीमती कम्मू पटेल,कोमेन्द्र पटेल, शीतला साहू, बहुर सिंह पटेल ,मिस भारती साहू, गजेंद्र ठाकुर ,काजल साहू ,हेमकुमारी साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पासंगी, मोहलई , उरन्दाबेड़ा और कोरगांव में धूमधाम से मनाई गइ सहस्त्रबाहु जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फरसगांव 21 नवंबर।** फरसगांव क्षेत्र में कलार समाज के द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया गया । फरसगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पासंगी, मोहलई, उरंदाबेड़ा और बडेराजपुर क्षेत्र के कोरगांव में 19 नवम्बर रविवार कलार समाज के प्रमुखजनों की उपस्तिथि में कलार समाज के भवन में राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर पूजा अर्चना कर नारो के साथ बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया । समाज के लोगो ने समाज के महिलाओ के साथ कलश व शोभायात्रा निकाली गई । तद्पश्चात समाजिक सम्मेलन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य रूप ग्राम उरन्दाबेड़ा में शंकर लाल शार्दुल, कोमलचंद जैन, चंद्रभान जैन, लोकचंद जैन, त्रिलोचन जैन , नाथूराम सेठिया ,रामचरण जैन ,अमृतलाल जैन, ग्राम कोरगांव में सरपंच रामायण ध्रुव, उपसरपंच नरेंद्र जैन, समाज के अध्यक्ष सुरेश सेठिया, डोरेलाल सेठिया, धनेश्वर सेठिया, नवरत्न सेठिया, विष्णु सेठिया, चुन्नीराम सिन्हा, सन्तोष बैध, रामधर बैध, भुवन बैध, अन्नराज जैन, प्रभु नेवर, धर्मराज नेगी, शीतला सिरहा, बलदेव गन्धर्व , ग्राम पासंगी में मुलचंद पांडे, चंपा पाण्डे, प्रवीण पांडे, कुमेंद्र पाण्डे, कमलेश पांडे, सीदेश सेठिया, ग्राम मोहलई में विजय जैन सहित समाज के महिला पुरुष बच्चे बडी संख्या में उपस्तिथ रहे ।

## इंदिरा गांधी की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस भखारा के सदस्यों ने किया उन्हें नमन

**अंवरी 21 नवंबर।** हिंदुस्तान की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस भखारा के सदस्यों ने गाँधी प्रतिमा स्थल भखारा मैं पुजा अर्चना तिलक लगाकर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित किया !चर्चा के दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू ने कहा की ब्लॉक भखारा के कांग्रेसीजनो द्वारा इंदिरा गांधी की जयंती समारोह का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विस्तार से बखान किया,इंदिरा गांधी ने अपनी दूरदर्शी व कुशल प्रशासकीय क्षमता की बदौलत देश के लिए अनमोल योगदान दिया है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण स्थितियों में देश की बागडोर संभाली और देश का चंहुमुखी विकास किया। साथ ही पार्षद संतोषी निषाद ने चर्चा मैं बताया की प्रियदर्शनी इंदिरा गाँधी के कार्यकाल में देश में कृषि, उद्योग के अलावा सैन्य शक्ति को जबरदस्त तरीके से मजबूत किया गया। पाकिस्तान के साथ युद्ध कर बंगलादेश को आजादी दिलाना उनकी कभी न भूलने वाली महान राष्ट्रीय उपलब्धि है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी शोभा यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू, पार्षद संतोषी निषाद,प्रवीण गौर, कृष्ण कुमार,योगेंद्र निषाद,दिनेश यादव,पुखराज साहू, जय साहू, रवि माहेश्वरी,हरि निषाद धर्मेंद्र वैष्णव,सेक्टर प्रभारी सुनील साहू, भेमू साहू मनोज साहू उपस्थित रहे।



## विद्या सागर महाराज ने गोपाष्टमी पर कामधेनु सौम्या को नमोकर मंत्र सुनाया



**रायपुर 21 नवंबर।** आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज इन दिनों अपनी अहिंसा यात्रा में विहार कर रहे है इस दौरान वे मनोहर गौशाला मे पधारकर कामधेनू माता सौम्या को नमोकर सुनाया एवम गौशाला के मेनेजिंग ट्रस्टी अखिल जैन पदम डाकलिया ने आपको कामधेनू माता के सभी लक्षणों के बारे में बताया आचार्य श्री ने कामधेनू माता को बहुत दुर्लभ बताया एवम कहा की यह अमृत प्रदान करने वाली गौ माता है इस दौरान उन्होंने मनोहर गौशाला में नेत्र विहीन गौ माता की सेवा को देखकर बोले की यह अद्भुत सेवा प्रशंसनीय है ट्रस्ट के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए गौशाला प्रबंधन की अनुमोदना किए साफ सफाई देखकर बोले इस प्रकार की सेवा मन को भाव विभोर कर देती है गौशाला बन रहे गौ मुत्र से निर्मित फसल अमृत की सराहना करते हुए आपने कहा की गौ मूत्र सबसे उत्कृष्ट तरल पदार्थ है जिसका उपयोग धरती एवम मानव स्वास्थ दोनो को बैलेंस करता है यह आत्म निर्भर गौशाला हेतु अच्छा विकल्प है।

### प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की समय सारणी घोषित

**धमतरी 21 नवम्बर।** सतत समग्र मूल्यांकन अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता के लिए जिले की सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा पहली से आठवीं तक अर्द्ध वार्षिक 6 से 12 दिसम्बर तक आयोजित की जायेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में यह परीक्षायें 23 से 30 नवम्बर तक होनी थी, जिसमें संशोधन कर अब 6 दिसम्बर से आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जारी समय सारिणी अनुसार प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षायें 6 से 12 दिसम्बर सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होंगी। इसमें 6 दिसम्बर बुधवार को पहली कक्षा की हिन्दी, दूसरी की अंग्रेजी, तीसरी की पर्यावरण, चौथी की पर्यावरण और पांचवीं कक्षा की हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। इसी तरह 7 दिसम्बर गुरुवार को पहली की गणित, दूसरी और तीसरी कक्षा की हिन्दी, चौथी की अंग्रेजी और पांचवीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा होगी। 8 दिसम्बर शुक्रवार को पहली कक्षा की अंग्रेजी, दूसरी की गणित, तीसरी की अंग्रेजी, चौथी की गणित और पांचवीं कक्षा की पर्यावरण विषय की परीक्षा होगी। इसी तरह 9 दिसम्बर शनिवार को तीसरी कक्षा की गणित, चौथी की हिन्दी और पांचवीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षायें होगी। इसी तरह माध्यमिक कक्षाओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक होंगी। इनमें 6 दिसम्बर बुधवार को कक्षा छठवीं की हिन्दी, सातवीं की संस्कृत और आठवीं की गणित, 7 दिसम्बर गुरूवार को छटवीं की अंग्रेजी, सातवीं की गणित, आठवीं की संस्कृत, 8 दिसम्बर शुक्रवार को छटवीं की संस्कृत, सातवीं की हिन्दी, आठवीं की विज्ञान, 9 दिसम्बर शनिवार को छटवीं की गणित, सातवीं की अंग्रेजी, आठवीं की सामाजिक विज्ञान, 11 दिसम्बर सोमवार को छटवीं की विज्ञान, सातवीं की सामाजिक विज्ञान, आठवीं की हिन्दी और 12 दिसम्बर मंगलवार को छटवीं की सामाजिक विज्ञान, सातवीं की विज्ञान और आठवीं की अंग्रजी विषयों की परीक्षायें होंगी।

### शाउमावि अंवरी में पीटी ,योग व कराते का अभ्यास कराते हैं शिक्षक



**अंवरी 21 नवंबर।** शा उ मा विद्यालय अंवरी व माध्यमिक शाला अंवरी में एक ही कैम्पश है लेकिन अलग अलग गतिविधि संचालित है यहां के शिक्षक पढ़ाई के साथ ही छात्रों को अन्य गतिविधि जो पढ़ाई के साथ जरूरी है आत्मरक्षा के लिए लड़कियों को कराटे का प्रशिक्षण व शारीरिक,मानसिक विकास अन्य कौशल के विकास हेतु छात्र छात्राओं को पीटी व योग का अभ्यास करा रहे हैं। मीडिया प्रतिनिधि नवाचारी व्याख्याता व स्थानांतरित संगठन चीफ एल. बी. साहू जो छात्र हित मे ग्रीष्म अवकाश में कई वर्ष तक ऑफ़लाइन नि शुल्क क्लास लेते रहे है व जिनके मार्गदर्शन में कोरोंना काल में छ ग राज्य के छात्र छात्रों के बिना भेदभाव किये ऑनलाइन क्लास की पहल कर चुके है जो योगा का अभ्यास करा रहे थे उनसे संपर्क किया तो उन्होंने बताया यंहा के शिक्षक स्टॉफ , शाला समिति व छात्र छात्रा अच्छे है ,सभी प्रेम पूर्वक व्यवहार व शिक्षको का अच्छा सम्मान भी करते है । स्कूल में दिन की शुरुआत प्रत्येक दिन छात्र छात्राओं के द्वारा प्रेयर के समय माँ सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर , सुविचार का वाचन छात्राओं द्वारा किया जाता है उस पर अमल भी करने छात्रों को शिक्षक प्रेरित करते है शासकीय उच्चतर माध्यमिक अंवरी शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे है नियमित प्राचार्य नही ,मुख्य विषय बायो ,रसायन ,संस्कृत , कामर्स के स्थायी व्याख्याता नही है लेकिन यंहा के सभी शिक्षको ने शिक्षकों की कमी का प्रभाव छात्रों पर पडने नहीं दिए , पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं छात्रों को पढ़ाई के साथ ही रचनात्मक कार्यो में शामिल करते है विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में अनुशासन का गुण विकसित करते हैं ताकि भविष्य में मुसीबतों का डटकर शामना कर सके।

यहां के प्राचार्य श्री आई आर साहू व प्रधानपाठक श्री भुवन प्रसाद जोशी के मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार को पीटी व योगा का अभ्यास वरिष्ठ व्याख्याता श्री पी एन साहू व माध्यमिक शाला के पी टी प्रभारी श्री दिलीप कुर्रे द्वारा कराया जाता है ताकि छात्र छात्राएं शारीरिक ,मानसिक रूप से मजबूत व निरोगी बन कार्यो को पूरी तन्मयता व लगन से कर अपना भविष्य गढ़, बेहतर जीवन जी सके योग व पी टी साथ ही प्रत्येक दिन छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु कराटे का प्रशिक्षण श्री ताम्रध्वज साहू द्वारा दिया जा रहा है।

### श्वान नसबंदी का कार्य रायपुर में प्रतिदिन किया जा रहा

**रायपुर 21 नवंबर।** श्वान नसबंदी पशु क्रूरता अधिनियम एवं एनिमल बर्थ कंट्रोल नियम 2001 के प्रावधानों अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में श्वानों की डॉग कैचर वाहन भेजकर उनकी धरपकड़ एवं श्वानों की नसबन्दी का कार्य प्रतिदिन निरन्तर बैरन बाजार के पशु चिकित्सालय में किया जा रहा है। धरपकड़ किये गये सभी श्वानों का नसबंदी के पश्चात एंटी रेबीज वैक्सीनेशन भी किया जाता है। वहाँ दो पशु चिकित्सक डॉक्टर दीवान एवं डॉक्टर साहनी द्वारा प्रतिदिन डॉग कैचर वाहन एवं प्रशिक्षित टीम की सहायता से धरपकड़ कर लाये गये श्वानों की नसबन्दी का कार्य किया जा रहा है। आज सुबह 7 बजे आयी जनशिकायत पर डॉग कैचर वाहन की टीम ने त्वरित रूप से रामनगर गुलमोहर पार्क क्षेत्र एवं उसके आसपास अभियान चलाकर 7 श्वानों एवं संध्या को 3 श्वानों की धरपकड़ की एवं निदान 1100 में प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया। धरपकड़ किये गये श्वानों की नसबंदी की गयी। प्राप्त जनशिकायतों पर त्वरित रूप से श्वानों की डॉग कैचर वाहन की सहायता से धरपकड़ कर श्वान नसबंदी का कार्य प्रतिदिन निरन्तर जारी है। प्रतिदिन लगभग 16-17 श्वानों, हर माह लगभग 425 श्वानों, हर वर्ष लगभग 5300 से अधिक श्वानों की डॉग कैचर वाहन की सहायता से धरपकड़ एवं श्वानों की नसबंदी का कार्य सतत जारी है। कोई भी नागरिक निदान 1100 में श्वानों से सम्बंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है। नागरिकों की शिकायत मिलते ही श्वानों की धरपकड़ डॉग कैचर वाहन भेजकर अभियान चलाकर की जाती है एवं प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निदान किया जाता है।

# नक्सल गतिविधियों के बावजूद सिहावा में रिकार्ड 87.63 प्रतिशत मतदान,2018 से 5 प्रतिशत अधिक

■ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व ने धमतरी जिले को पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान वाला जिला बनाया

■ स्वीप गतिविधियों ने की मतादाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।



**धमतरी 21 नवम्बर ।** धमतरी जिला प्रदेश में सर्वाधिक मतदान करने वाला जिला बन गया है। इसका श्रेय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन को जाता है। जिले की वनांचल सिहावा विधानसभा में नक्सल गतिविधियों के बावजूद इस बार रिकार्ड मतदान हुआ है। वर्ष 2018 के विधानसभा में जहां सिहावा विधानसभा क्षेत्र का कुल मतदान प्रतिशत 82.86 था, जो इस बार बढ़कर 87.63 हो गया है। इस तरह लगभग 4.78 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। विधानसभा में अधिक मतदान के कारणों में मुख्य कारण यहां के लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ उनके चुनाव बहिष्कार करने के कारणों को कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेकर तत्काल सुलझाना और नक्सली गतिविधियों की रोकथाम हेतु सही रणनीति बनाना।

### बरबांधा के ग्रामीणों ने किया था चुनाव बहिष्कार

नगरी के बरबांधा के ग्रामीणों ने गत दिनों गांव में ही मतदान केन्द्र की मांग करते हुए मतदान बहिष्कार करने की बात कही थी। इस बात को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने ग्रामीणों के साथ बैठक आहूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में जनपद सीईओ एवं तहसीलदार कुकरेल की उपस्थिति में ग्रामीणों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों से ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी चुनाव में मतदान हेतु सभी प्रक्रिया पूरी कर ग्राम बरबांधा में मतदान केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा जायेगा। इस पर ग्रामीणों ने भी अधिकारियों को आश्वस्त किया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी ग्रामवासी मतदान केन्द्र डोंगरीपारा बरबांधा-94 में शांतिपूर्ण मतदान की सहमति दी थी। पिछले विधानसभा निर्वाचन में जहां इस मतदान केन्द्र का प्रतिशत 79.82 था, जो इस वर्ष बढ़कर 88.51 प्रतिशत हो गया, जो कि 8.69 हो गया।

### नक्सली गतिविधयां रही नाकाम

विधानसभा निर्वाचन 2023 पर नकारात्मक प्रभाव डालने नक्सलियों ने मतदान से पहले सिहावा विधानसभा में दहशत फैलाने गाताबाहरा- खल्लारी मार्ग में आईईडी ब्लास्ट कर दहशत फैलाने की कौशिश की। वहीं पर्चे फैंककर मतदान नहीं करने की चेतावनी दी थी। जिला प्रशासन की कुशल रणनीति, सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा कर क्षेत्र के लोगों ने उत्साह के साथ बिना किसी डर, भय के मतदान कर रिकार्ड बनाया है।

### सिहावा विधानसभा क्षेत्र में महिलायें मतदान करने में रही आगे

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढने का एक कारण यह भी रहा कि यहां की महिला मतदाताओं ने पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा अधिक मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 93 हजार 317 मतदाता है, जिनमें पुरूष मतदाता 94 हजार 489 महिला मतदाता 98 हजार 826 इनमें से 1 लाख 69 हजार 417 मतदाताओं ने वोट डाले है। जिनमें 82 हजार 338 पुरूष मतदाताओं 87 हजार 77 महिला मतदाताओं ने वोट डाले।

### स्वीप गतिविधियां रही प्रभावी

विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में स्वीप गतिवधियां भी प्रभावी सिद्ध हुई है। स्वीप गतिविधियों में युवाओं, महिलाओं, तृतीय लिंग, स्कूली बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अन्य वर्गों को संगठित कर विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की गयी थी, जिनमें रैली, नक्कड़ नाटक, फ्लैश मॉब, पेंटिंग, रंगोली, नारा लेखन, सलाद सजाओं प्रतियोगिता, लिंगल, दीपदान महोत्सव, स्वीप आईकान के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम, कठपुतली नृत्य एक अभियान क्षेत्र में चलाया गया, जिसकी वजह से क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

## संपादकीय

# जो अच्छा खेला,विश्व कप उसका

कोई भी खेल हो,जो अच्छा खेलता है, वही जीतता है, कई बार खेलना ही काफी नहीं होता है, सामने वाले से बेहतर खेलना ही मायने रखता है। सामने वाले से अच्छा तब ही खेला जा सकता हैजब आपकी तैयाीर भी उससे बेहतर हो। खेल भी आजकल किसी युध्द से कम नहीं होता है। कई मोर्चों पर लड़ाई लडनी पड़ती है, कई मोर्चों पर तैयारी करनी पड़ती है। किसी एक दो मोर्चे में भी चूक गए तो सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है।विश्वकप में भारत के साथ यही हुआ। एक मैच हारे और सारी मेहनत पर पानी फिर गया। देश के लोग भूल गए कि यह वही टीम है जिसने सेमीफाइनल तक एक मैच नहीं हारा और भारत तो लगातार जीत का जश्न मनाने का मौका दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अब तक की सबसे मजबूत टीम थी। इस टीम में युवा व अनुभवी खिलाडियों का गजब का संतुलन था। सेमीफाइलन तक सभी मैचों में बैटिंग,बालिंग व फील्डिग अच्छी थी, इस वजह से टीम ने सारे मैच चैंपियन की तरह खेले और जीते भी। ऐसी कोई टीम नहीं थी जिसे भारत ने हराया न हो। यह सारी जीत तब कोई मायने नहीं रखती जब देश की टीम फाइनल जैसा मैच हार जाती है। भारतीय टीम से सभी जीत की अपेक्षा कर रहे थे, यह अपेक्षा स्वाभाविक थी क्योंकि भारत ने सारे मैचों में शानदीर प्रदर्शन कर सारे मैच जीते थे। जो अनुभवी क्रिकेट प्रेमी हैं, वही जानते हैं कि भारत अक्सर सेमीफाईनल या फाइनल पहुंच कर हार जाता है। कई मैचों में ऐसा हो चुका है। भारत आखिरी में चूक जाता है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि भारत अक्सर जो मैच सबसे ज्यादा जरूरी जीतना होता है, वही मैच भारत क्यों हार जाता है। इसकी वजह यह नहीं है कि भारतीय टीम के खिलाड़ियों में कोई कमी है। भारतीय टीम में विश्वर के बेहतरीन बैटसमैन विराट कोहली, बेहतरीतन गेंदबाज बुमराह, शामी, सिराज हैं। उन्होंने विश्वकप में विश्वस्तरीय प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। बुमराह व शामी विश्वकप में 20 से ज्यादा विकेट बनाने वाले गेंदबाज है, तो विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटसमैन हैं। रोहित शर्मा सबसे बेहतरीन कप्तानी करने वाले खिलाडी हैं। विश्वर सबसे ज्यादा रन भारत की टीम ने बनाए, सबसे ज्यादा विकेट भारतीय टीम ने लिए। सबसे ज्यादा मैच भी भारतीय टीम ने जीते। उसके बाद भी किसी के उम्मीद नहीं थी कि भारतीय टीम विश्वकप फाइलन हार जाएगी। ऐसा होना नहीं था लेकिन हुआ है तो इसका एक वजह यह हो सकती है। भारतीय टीम के मानसिक तैयारी के साथ मैदान में सामने वाली टीम को हराने के लिए उससे बेहतर बैटिंग, बालिंग व फील्डिंग की तैयारी नहीं थी। भारततीय मानसिक रूप से आस्ट्रेलिया की टीम से कमजोर थी, यही नहीं उसने मैदान में आस्ट्रेलिया को हराने वाली बालिगं, बैंटिक व फील्डिंग की सोची नहीं, सोची भी तो वह ऐसा कुछ नहीं कर सकी जिससे आस्ट्रुलियाको हराया जा सके। टीम में सात बैटसमैन व चार बालर में से तीन ही बैंटसमैन अपना स्वाभाविक खेल खेल सके। बाकी आठ खिलाड़ी तो कुछ खास न बैटिंग में कर सके, न फील्डिंग,न बालिंग में कुछ खास कर सके। आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी इससे पहले पांच बार विश्वकप जीत चुके हैं, वहां के खिलाड़ियों के पास फाइनल खेलकर जीतने का ज्यादा अनुभव है, वह जानते हैं कि फाइनल में कैसे खेलना है, कैसे जीतना है। इसलिए वह छटी बार भी विश्वकप आसानी से जीत गए। भारतीय टीम मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण जीतने वाला मैच हार गई। आस्ट्रेलिया शुरु को दो मैच हार कर फाइनल जीता है और भारतने लगातार सारे मैच जीतकर एक मैच हारा और यह हार उसे बहुत मंहगी पड़ी है। भारतीयों यह हार हमेशा याद रहेगी क्योंकि एक मजबूत टीम आखिरी मैच हार गई थी।

# दुनिया स्तंभित हो रही है भारत की आर्थिक तरक्की से

**अर्थव्यवस्था**

**ललित गर्ग**



**सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है।**

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता को संबोधित करते हुए सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि 2027 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वॉकल फोर लॉकल का आह्वान आर्थिक विकास आधार बन रहा है। स्व-भाव एवं स्वदेशी के मंत्र ने आर्थिक विकास को पंख लगाये हैं जिससे अर्थ की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। भारत की आर्थिक तरक्की दुनिया को स्तंभित करने लगी है, क्योंकि भारत का घरेलू बाजार ही इतना विशाल है कि भारत को विदेशी व्यापार पर बहुत अधिक निर्भरता नहीं करनी पड़ रही है। भारत के बाजार से कई देशों का आर्थिक विकास होता रहा है, अब स्वदेश जागरण से देश का अर्थ देश में ही रहने लगा है।

चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत की आर्थिक वृद्धि केवल 7 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सकल घरेलू उत्पाद 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर को पार कर जाएगा। भारत की 'नीली अर्थव्यवस्था' का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान है, जो अवसरों के सागर का प्रतिनिधित्व करता है। तट के किनारे नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाहों और नौगम्य जलमार्गों के व्यापक नेटवर्क के साथ, भारत महासागर आधारित व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खड़ा है।

भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री की नित-नयी आर्थिक योजनाओं, अपनी जड़ों एवं माटी से जुड़ने, स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा एवं विदेश यात्राओं का भी योगदान है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर (आईएमईसी) सबसे आशाजनक कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक है। 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित, आईएमईसी एक मल्टीमॉडल आर्थिक गलियारा है जिसमें शिपिंग, रेलवे, रोडवेज, बिजली केबल, हाई-स्पीड डेटा केबल और एक हाइड्रोजन पाइपलाइन शामिल है। गलियारे का उद्देश्य परिवहन दक्षता को बढ़ाना, रसद लागत को कम करना, आर्थिक एकता को बढ़ावा देना, रोजगार उत्पन्न करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके एक स्वच्छ, सुरक्षित दुनिया में योगदान देना है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है, बड़ी आबादी को आर्थिक विकास का माध्यम बनाने में सरकार



की सूझबूझ एवं योजनाएं कारगर साबित हो रही है। बड़ी आबादी के अनेक तरह के नुकसान हैं तो इसी से भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन बन रहा है बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने के पीछे भारत के विशाल आंतरिक बाजार, स्व-भाव एवं स्वदेशी का दर्शन को मुख्य कारण है। आम जनता में स्व का भाव जगा कर, उनमें राष्ट्र प्रेम एवं स्व-संस्कृति की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। इससे आर्थिक गतिविधियों को देशहित में करने की इच्छा शक्ति नागरिकों में जागृत होती है और देश के आर्थिक विकास में प्रबल तेजी दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वर्ष 1925 में, अपनी स्थापना के बाद से, भारतीय नागरिकों में स्व का भाव जगाने का लगातार प्रयास कर रहा है।

निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, शीघ्र ही भारत विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान हैं दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जो भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है। भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने को सकारात्मक रूप देने की अपेक्षा है, जिसमें गरीबी एवं भूखमरी का कलंक मिटना जरूरी है। आजादी के अमृत महोत्सव तक की आर्थिक यात्रा का लक्ष्य अब प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना को हासिल करने का हो, देश में मानवीय मूल्यों, शांति एवं अहिंसक सिद्धांतों और आर्थिक समानता पर ध्यान देना होगा। भारत ने इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखाई है। इसी से गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे नागरिकों को कल का मध्यम वर्ग बनाएगी, इससे देश में विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा तथा देश की आर्थिक उन्नति की गति भी तेज होगी। यह भारतीय सनातन संस्कारों के चलते ही सम्भव हो पाया है।

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सनातन संस्कारों का पालन करते हुए गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है और गरीब देश होने से दंश से तेजी से उबरने लगे हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक एवं प्रेरणा है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। भारत की आर्थिक सोच, नीतियां एवं योजनाएं अब दुनिया के लिये अनुकरणीय बन रही है। दुनिया भारत की ओर संभावनाओं एवं आशाओं की नजर से देखने लगी है, यह बड़ा एवं सकारात्मक परिवर्तन न केवल आर्थिक महाशक्ति बल्कि विश्व का नेतृत्व करने की क्षमताओं का संकेत दे रहा है, जो सुखद है।

## आज का राशिफल

**मेष-** मेष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय लोग बेहतरीन विचारों को सुननेङ्कजानने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। आज आप लोगों से जो भी बात मनवानी है, आसानी से मनवा सकते हैं। अपने अधिकार जताने की प्रवृत्ति को नियंत्रण में रखें, यह आपके काम पर असर डाल सकती है। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से कोई खुश-खबरी मिल सकती है।

**वृष-** वृष राशि वालों आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी7 आज आप अपने मन के आधार पर फैसले लेंगे। लेकिन वे सिर्फ पैसों के मामले में लाभकारी साबित होंगे 7 आज सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता भी हांथ लगेगी। लेकिन आपको भविष्य को बेहतर बनाने के लिए इस समय आलस्य को छोड़ना होगा।

**मिथुन-** मिथुन राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। आपको किसी कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। इस राशि के उभरते हुए लेखकों के लिए आज का दिन एक बेहतरीन हो सकता है क्योंकि आपके लेख या आपकी पुस्तक किसी बड़े पब्लिशर के द्वारा प्रकाशित हो सकती है। आपका करियर अब पूरी तरह से एक नए रूप में शोभित होगा।

**कर्क-** कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप शाम का समय परिवारवालों के साथ बिताएंगे । इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने की उम्मीद है। लेकिन कोई डील करते समय बोलने से पहले सोच लें, कहीं ऐसा ना हो कि डील होने से पहले केंसिल हो जांए। इस राशि के आर्किटेक वालों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती हैं।

**सिंह-** सिंह राशि वालों आज जिस काम को पूरा करना चाहेगें वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं जहां आप निजी समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है। आज विरोधी आपसे दूरिया बनाकर रहेंगे।

**कन्या-** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें और साथ ही आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है ।

**तुला-** राशि आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी काम को करते समय अपने मन को शांत रखें, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। अगर आप जल्दी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा । इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं आज उनके लिए रिश्तें आ सकते हैं। परिवार वालें आपके विवाह की प्लानिंग करेंगे। जो लोग सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उनकी आय में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी कंपनी में काम का बोझ ज्यादा होगा, लेकिन जूनियर के सहयोग से पूरा होगा।

**वृश्चिक-** वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया है। जिन चीजों केलिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं, आज पूरे होने वाली हैं। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी।

**धनु-** धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा । आज आपके मन में नए विचार आयेंगे, हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करें, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। आज परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभाएंगे। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन अच्छा होगा, हो सकता है कि आपको आज कोई नया कॉन्ट्रेक्ट मिलेगा । जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर-** मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा में ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के ईमेल आ सकती है।

**कुम्भ-** कुम्भ राशि आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की जरूरत है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा।

**मीन-** मीन राशि वालों आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से काम करेंगे। आप अपने माता-पिता या बहन भाइयों के साथ भी समय बिता सकते हैं। ऑफिस में कोई नया काम करने का मौका मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है।

## व्यंग्य

# कब्र पहले खोदो, लाशें बाद में लाओ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

ओह, प्लास्टिक, वह अद्भुत सामग्री जिसने हमारे जीने के तरीके में क्रांति ला दी है और ग्रह को इस तरह से प्रदूषित कर दिया है जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। हम इस चमत्कारी पदार्थ के बिना कैसे जीवित रह सकते हैं जो सदियों तक बना रहता है और हमारे महासागरों और लैंडफिल को गंदा कर देता है?



ओह प्लास्टिक, तुम्हें वरदान कहें या अभिशाप। समझ नहीं आता। तुम एक दम सरकार की तरह हो जो एक हाथ से स्कीमों के नाम पर रबड़ी देकर दूसरे हाथ से भारी टैक्स के नाम पर वसूल लेते हो। तुम्हें देते हुए देखना लेते हुए देखने से न कम है न ज्यादा। हमारे पर्यावरण में घुसपैठ करना कोई तुमसे सीखे। कभी चाय का कप बनकर तो कभी जूस का ग्लास बनकर। कभी सब्जी की थैली बनकर कभी खिलौने बनकर हमारे जीवन में ऐसे आ गए हो जैसे प्राकृतिन संसाधन वाले परिजनों के रहते प्रेमिका की तरह हम पर डोरे डालने वाली मोहिनी। वैसे जब हम प्लास्टिक का उत्पादन कर सकते हैं और पहले से ही मौजूद कचरे के पहाड़ों में इजाफा कर सकते हैं तब बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों की आवश्यकता किसे है? यहाँ हम कब्र पहले खोद रहे हैं और लाशें बाद में ला रहे हैं।

प्लास्टिक, सुविधा का प्रतीक है, जो हमें अपने भोजन और उत्पादों को इस तरह से पैक और संरक्षित करने की इजाजत देता है जो पूरी तरह से अस्थिर और ग्रह के लिए हानिकारक है। जब हम प्लास्टिक के समुद्र में डूबते रह सकते हैं तो पर्यावरण अनुकूल विकल्पों की चिंता क्यों करें? प्लास्टिक, आधुनिक समाज का रक्षक, हमें अनावश्यक एकल-उपयोग वाली वस्तुओं को बनाने के अनंत अवसर प्रदान करता है जो अंततः हमारे जलमार्गों को अवरुद्ध कर देंगे और वन्यजीवों को मार देंगे। जब हम अधिक से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन करते रहेंगे तो इसके परिणामों के बारे में सोचने की जरूरत किसे है?

प्लास्टिक, प्रगति और नवाचार का प्रतीक है, जो हमें दिखाता है कि ग्रह को नष्ट करने के नए तरीके खोजने में मनुष्य कितने रचनात्मक हो सकते हैं। जब हम अपनी सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्लास्टिक पर निर्भर रह सकते हैं तो स्थायी समाधान खोजने की चिंता क्यों करें? हाँ, प्लास्टिक वास्तव में हमारी सभी प्रार्थनाओं का उत्तर है, जो हमें पूरी तरह से अस्थिर और विनाशकारी तरीके से जीवन जीने की अनुमति देता है। जब हम हर काम को आसान बनाने के लिए प्लास्टिक पर निर्भर रह सकते हैं तो हमारे कार्यों के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करने की आवश्यकता किसे है? यह स्पष्ट रूप से मानवता के लिए सबसे अच्छी चीज़ है, और पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभावों पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। आइए बिना सोचे-समझे प्लास्टिक का उत्पादन, उपयोग और निपटान जारी रखें, क्योंकि स्वस्थ ग्रह की जरूरत किसे है?

## चिंतन

**संजीव ठाकुर**

# समय के यथार्थ संयोजन से जीवन को समर्थ बनाएं



समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है ÷काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,

### पल में परलय होएगी

बहुरि करेगा कब प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है का वर्षा जब कृषि सुखावे, इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया हैद्य समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है। जो विद्यार्थी समय को महत्व को समझते हुए अनुशासित तरीके से मेहनत करता है उसे परीक्षाओं में दिल से सफलताएं प्राप्त होती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में समय के महत्व को ध्यान में रख पढ़ाई करके वह बड़ी-बड़ी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर बड़े-बड़े पदों को प्राप्त करते हैं बोलतें हैं कि जीवन में समय का दुरुपयोग एक तरह से आत्महत्या के समान है। समय का दुरुपयोग जीवन की सफलता का प्रमुख कारण है। क्योंकि समय के व्यतीत हो जाने के बाद अफसोस करने से गुजरा हुआ समय वापस नहीं लौटता और व्यक्ति के पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बच पाता।युवा वर्ग को खासकर शरीर को स्वस्थ रख समय पर निंद्रा, भोजन,व्यायाम करने की आदत डाल लेना चाहिए,वैसे तो युवा वर्ग को समयानुसार अलसुबह उठकर ताजी हवा लेने का नियम बनाकर ब्रह्म मुहूर्त में अध्ययन करने की नियमावली बना लेना चाहिए।देर से उठने वाले हर काम देरी से करने के लिए मजबूर हो जाते हैं ,समय पर कार्य करने से मनुष्य की व्यक्तिगत प्रगति तो होती ही है उसके निजी व्यक्तित्व में भी विकास तथा चार चांद लग जाते हैं। एक विद्वान ÷पेरिक्लेस÷ ने समय को सबसे बड़ा बुद्धिमान सलाहकार माना है।

# हाथ मिले लेकिन बनी रही दिलों की दूरी

**बिक्रम उपाध्याय**

15 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को में चीन-अमेरिका शिखर सम्मेलन से किसको क्या मिला, इससे ज्यादा इस बात की चर्चा रही कि दोनों देशों ने अपने अपने आलोचकों को क्या संदेश दिया। अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति का चुनाव है और बिडेन की लोकप्रियता तेजी से गिर रही है। इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए इस शिखर सम्मेलन में अमेरिका का वर्चस्व दिखाना अपने विरोधियों को शांत करने के लिए जरुरी था और बिडेन ने ऐसा ही किया। दूसरी तरफ चीन को सिर्फ यह दिखाना था कि विश्व व्यवस्था में उसको नकार कर कोई बड़ी बात नहीं की जा सकती, तो जिनपिंग ने यही संदेश देकर संतुष्टि जताई।

चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने अपनी सम्पादकीय टिप्पणी में लिखा है कि उन्होंने (बिडेन और शी जिनपिंग) भविष्य की ओर उन्मुख सैन फ्रांसिस्को विजन की स्थापना की, जो चीन-अमेरिका संबंधों के स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास के लिए दिशा प्रदान करेगा। यह शिखर सम्मेलन दोनों राष्ट्राध्यक्षों की रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और दूरगामी बैठक है, जो चीन-अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक अनूठी और गहरी छाप छोड़ती है। स्पष्ट है कि अमेरिका के साथ चीन के ताजा विवादों का कोई हल इस बैठक में नहीं निकला।

इस बैठक के लिए चीन ने आपसी विश्वास कायम करने के प्रयास को ही खुद की उपलब्धि बताई है। यानि संदेह और मतभेदों को ख़त्म करने का कोई चार्टर नहीं बना। जिन मुद्दों पर सहमति की घोषणा हुई, उनमें मिलिट्री स्तर पर बातचीत पर सहमति, कुछ वर्किंग ग्रुप की स्थापना और आगे बातचीत जारी रखना ही प्रमुख तौर पर सामने आया। बैठक के दौरान, राष्ट्रपति शी ने चीन और अमेरिका के बीच बनी गलत धारणाओं को सही करने पर जोर दिया। असहमतियों पर प्रभावी ढंग से बातचीत करने का सुझाव दिया और दोनों देशों को संयुक्त रूप से जिम्मेदारियां निभानी चाहिए, यह आह्वान किया।

बिडेन और जिनपिंग इसके पहले बाली में मिले थे। तब से अमेरिका की राजनीति में चीन के लिए अविश्वास का माहौल बढ़ा ही है। इसलिए सैन फ्रांसिस्को की बैठक पर दुनिया भर के देशों की नजर थी। इसमें बनी सहमति और उपलब्धियों का भी दुनिया को उत्सुकता से इंतजार था। राष्ट्रपति शी ने 15 नवंबर की शाम को अमेरिका में मैत्रीपूर्ण संगठनों द्वारा आयोजित रात्रिभोज के अपने भाषण में कहा चीन और अमेरिका आपस में प्रतिद्वंद्वी हैं, या भागीदार हैं, यह मौलिक और व्यापक मुद्दा है। चीन अमेरिका का भागीदार और मित्र बनने के लिए तैयार है। लेकिन अमेरिकी जनमत में चीन को बदनाम करने का माहौल बनाया गया है।

## एक नजर

### महिलाओं ने किया ज्यादा मतदान

**रायपुर, 21 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल महिला मतदाताओं की संख्या अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या से अधिक है। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 और 17 नवंबर को हुए दो चरणों में मतदान के आंकड़ों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने में महिलाओं की सहभागिता और जागरूकता पुरुषों से कम नहीं है। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों मे अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिलाओं की संख्या अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले पुरुषों की संख्या से कहीं अधिक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतपुर-सोनहत, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अंबिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, पालीतानाखार, जैजैपुर, मरवाही, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ, राजिम, बिंद्रानवागढ़, सिहावा, डोंडीलोहारा, गुंडरदेही, संजारी-बालोद, धमतरी, दुर्ग शहर, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहलामानपुर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट,दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों में आकर वोट डालने वाले महिला मतदाताओं की संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए मतदान में कुल 1 करोड़ 55 लाख 61 हजार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमे 77 लाख 48 हजार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिला मतदाताओं की कुल संख्या भी वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या से अधिक है।

### 7 दिसम्बर को मनाया जाएगा सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**कांकेर, 21 नवम्बर ।** राष्ट्र की अखंडता की रक्षा के लिए युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवार तथा अपाहिज हुए सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिए 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कार ध्वज और टोकन ध्वज वितरित कर धनराशि एकत्रित कर प्राप्त राशि को समामेलित विशेष निधि में जमा किया जाता है। प्राप्त राशि को शहीद सैनिकों के परिवार, युद्ध में अपाहिज हुए सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिए किया जाता है। राज्य शासन द्वारा इस वर्ष कांकेर जिले को 03 लाख 30 हजार रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार ध्वज और टोकन ध्वज को कार्यालय कलेक्टर द्वारा सभी विभागों को वितरित किए जाएंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (भा.नौ) संजय शुक्ला एन.एम. (से.नि.) ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि हमारी सशस्त्र सेनाएं अपने शौर्य, कर्तव्य निष्ठा और कार्य कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही है। उग्रवाद और आतंकवाद के भीतरी व बाहरी खतरों के समय उनके योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। इस उद्यम को उदारता पूर्वक योगदान के जरिए सैनिकों के प्रति आभार प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि युद्ध में शहीद सैनिकों की विधवाओं, विकलांग रक्षा कर्मियों और पूर्व कर्मियों के पुनर्वास के इस नेक कार्य में स्वैच्छिक योगदान करें और सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2023 को सफल बनायें।

### बिजली समस्या से त्रस्त हैं ग्रामीण

**कोरबा।** भिलाईबाजार, नरईबोध क्षेत्र में बिजली की आंखमिचौली जारी है। कई बार बिजली गुल होने से ग्रामीणजन परेशान हो जाते हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ही लोगों को बिजली की परेशानी से जूझना पड़ता है। भिलाईबजार के ग्रामीण सूर्यकांत पाटले ने बताया कि इस क्षेत्र के कई गांवों में बिजली की समस्या है। इसी तरह नरईबोध में भी लोग बिजली की समस्या से परेशान हैं। ग्रामीण बी.डी.महंत ने बताया कि कई बार बिजली गुल होने के बाद घंटों इंतजार करना पड़ता है तब कहीं जाकर लोगों को बिजली मिल पाता है।

### रेल सुविधाओं का कब तक बना रहेगा टोटा

**कोरबा।** जिले में रेल सुविधाओं की कमी हमेशा से बनी रही है। यात्री सुविधाओं में भी रेलवे कटौती करने में पीछे नहीं है। सेकेंड एंट्री के विस्तार के लिए एक साल पहले रेलवे की एक संयुक्त सर्वे टीम कोरबा आई थी, लेकिन प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो सकी।टीम ने डंपिंग यार्ड के पहले जगह चिन्हांकित किया है। यहां पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने की योजना है, लेकिन यहां अब भवन की बजाए टीन के शेड वाली टिकट घर में काउंटर शुरू किया गया है। रेलवे स्टेशन कोरबा में लंबे समय बाद सेकंड एंट्री शुरू की गई है, लेकिन सुविधाएं अब भी बदहाल है। यहां सुविधाओं की कमी की वजह से यात्रियों में नाराजगी है।

# आंवला नवमी पर महिलाओं ने की आंवले के वृक्ष की पूजा

- अक्षय नवमी पर आंवला के वृक्ष की पूजा का विधान
- आंवला वृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने आरोग्य की कामना की।

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**दंतेवाड़ा 21 नवंबर।** नगर में आज को आंवला नवमी का पर्व सोल्लास मनाया गया। आंवला नवमी के मौके आज पर दंतेवाड़ा गीदम, बचेली व बारसूर क्षेत्र में भी पूरे विधि विधान से महिलाओं ने आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर परिवार के सुख समृद्धि एवं निरोग रहने की कामना की। आंवला नवमी को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है।

गौरतलब है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमीं के रूप में मनाया जाता है। इसे अक्षय नवमीं भी कहा जाता है। इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा का विधान है। ऐसा माना जाता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवले के पेड़ से अमृत की बुंदे गिरती है और कोई व्यक्ति यदि उस दिन आंवले वृक्ष के नीचे भोजन करता है तो भोजन में अमृत के अंश आ जाता है जिससे व्यक्ति रोगमुक्त और दीर्घायु बनता है इसलिए अक्षय नवमी को आंवले के पेड़ का पूजन करने एवं पेड़ के नीचे भोजन करने का विधान है। आज 21 नवंबर दिन मंगगलवार को आंवला नवमी का पर्व है । इस पावन अवसर पर महिलाओं ने सुबह आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना की और भगवान से संतान प्राप्ति व आरोग्य रहने का वरदान मांगा। पूजा के दौरान महिलाओं ने दूध, रोली, अक्षत, सिंदुर, चांवल, गुड, बताशा, पुष्प व फल, आदि चीजें आंवले के वृक्ष को अर्पित किया इसके बाद आंवले के वृक्ष के तने पर सात बार मौली धागा लपेटकर वृक्ष की परिक्रमा कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना पश्चात खीर, पूरी, सब्जी, मिष्ठान आदि का भोग लगाया गया। पूजा संपन्न होने के पश्चात महिलाओं ने वृक्ष के नीचे बैठकर एक साथ सामूहिक भोज किया। गीदम नगर में भी पूरे विधि विधान के साथ आंवला नवमी का पर्व मनाया गया। मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमीं से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के पेड़ पर निवास करते हैं। खासकर भगवान विष्णु को आंवला बहुत प्रिय है। इस दिन आंवले के सेवन से समस्त रोग दूर हो जाते हैं। आंवला नवमीं पर पेड़ की पूजा अर्चना कर दान पुण्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। अन्य दिनों की तुलना में नवमीं पर किया गया दान पुण्य कई गुना अधिक फलदायी होता है ।









# धान खरीदी को बढ़ाने पर दें जोर:कलेक्टर



जगदलपुर, 21 नवम्बर 2023/ कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने सर्वहित के काम को प्राथमिकता से करते हुए धान खरीदी को बढ़ाने पर जोर दिया, उन्होंने संबंधित विभागों और समिति प्रबंधकों को निर्देशित कर धान खरीदी कार्यो को प्राथमिकता से संपादित करवाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मोतियाबिंद के ईलाज की गतिविधियों को तेज करने के लिए मोतियाबिंद का सघन जांच अभियान 22 से 30 नवंबर तक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सोमवार की शाम को समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में निर्विघ्न मतदान संपन्न करवाने और विशेष अतिथियों के बस्तर प्रवास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए बधाई दी। बैठक में समय-सीमा के प्रकणों पर चर्चा के दौरान लाला जगदलपुरी लाइब्रेरी की व्यवस्था सुधार के संबंध में चर्चा की। साथ ही बोदली क्षेत्र में सड़क पुल निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, वनमण्डलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मण्डावी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।बैठक में अर्बन पीएचसी के निर्माण कार्यो की प्रगति और चिकित्सकों की उपलब्धता पर चर्चा किए। साथ ही 22 से 30 नवम्बर तक मोतियांबिंद हेतु संघन जांच अभियान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा 23 नवम्बर से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी अभियान चलाने कहा। बैठक में निर्माणाधीन अनुविभाग व तहसीलदार कार्यालय की प्रगति की समीक्षा की और सभी एसडीएम को उक्त कार्यो का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो की प्रगति और अन्य विकास निधि के कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र निर्माण एजेंसी द्वारा देने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर पेंट का उठाव में तेजी लाने, पेंशन व वेतन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड उद्यानिकी, पशुधन, मत्स्य, कृषि विभाग से संबंधित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आकांक्षी जिला के सूचकांक, एनआरएलएम के कार्य, स्व-सहायता समूह के सदस्यों को बीमा क्लेम दिलाने के संबंध में चर्चा किए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो की प्रगति, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं में नगद एवं नॉन आधार की जानकारी को जनपद सीईओ द्वारा प्राथमिकता से करवाने कहा। बैठक के उपरांत सीएसआर मद से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर प्राथमिकता से कार्यो को जल्द पूर्ण करवाने पर जोर दिया। उन्होंने एनएमडीसी के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर कार्यो की पूर्णता हेतु राशि जारी करने कहा।

## राष्ट्रीय साहसिक कैंप के लिए डॉ. चांदनी मरकाम एवं तन्नू प्रिया साव का चयन



**रायपुर ।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा आयोजित साहसिक शिविर 27 नवंबर 2023 से 6 दिसंबर 2023 तक पोंग डैम हिमाचल प्रदेश में किया जाना है।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से एक कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों का चयन होना था जिसमें इंदिरा गांधी शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीमती चांदनी मरकाम एवं इकाई दो कि स्वयं सेविका तन्नू प्रिया साव बीकॉम तृतीय वर्ष का चयन हुआ है। वैशाली नगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक शिविर में चयन होने पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेविका को बधाई एवं शुभकामना देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

# शिवरीनारायण के लोगों को शबरी पुल की मरम्मत का इंतजार

**शिवरीनारायण ।** जांजगीर चांपा और बलौदाबाजार जिले को जोडने़ वाले शबरी पुल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। पुल में कई स्थानों पर लगा सरिया भी अब दिखने लगा है। 768 मीटर लंबे और 25 साल पहले बने इस पुल में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे व दरारें आ गई हैं। साल भर पहले शबरी पुल के गढ्ढो व दरारों को भरकर लीपापोती की गई थी जो कि अब फिर से पूरी तरह उखड़ चुका है। सेतु विभाग ने मरम्मत के लिए 78 लाख रूपये का टेंडर जारी होने और नवरात्रि के बाद मरम्मत कराने की बात कही थी मगर ठेकेदार के द्वारा मरम्मत के तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शबरी पुल पर लगातार भारी वाहनों के चलने से पुल की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। शबरी पुल से रोजाना सैकड़ों भीमकाय वाहनों की आवाजाही होने से पुल पर अत्यधिक भार पड़ रहा है इसके चलते पुल में जगह-जगह गड्ढे और दरारें नजर आने लगी हैं। रायपुर और बलौदा बाजार से बड़ी संख्या में भारी वाहन शबरी पुल से होकर रायगढ ; की ओर जाते हैं और रायगढ़ व जांजगीर ङ्क चांपा जिले से भारी वाहन इसी पुल से गुजर कर रायपुर की ओर जाते हैं। रोजाना चलने वाले भारी वाहनों का दबाव पुल पर पडने़ से इसका असर पुल पर दिख रहा है। पुल पर जगह ङ्क जगह बड़ी-बड़ी दरारें और जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। जिससे निर्माण में लगा सरिया भी बाहर आ गया है। इसके कारण पुल पर आवागमन करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है। रोजाना जान जोखिम में डालकर हजारों लोग शबरी पुल पार करने पर मजबूर हैं। सेतु विभाग द्वारा शबरी पुल की मरम्मत के लिए 78 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जिसकी शासन से स्वीकृति मिल गई थी और टेंडर भी हो गया था । नवरात्रि के बाद काम शुरू होने का दावा विभाग के अधिकारियों ने किया था मगर नवरात्रि के बाद दीपावली भी हो गया और अब देव उठनी एकादशी भी आ गई। मगर ठेकेदार के द्वारा मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है। वहीं विभाग द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिवरीनारायण मंदिरों का शहर है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पर्यटन और मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

**मतगणना की तैयारी**



**जगदलपुर, 21 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत शासकीय आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में स्थित मतगणना केन्द्र में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों 85 बस्तर, 86 जगदलपुर तथा 87 चित्रकोट के मतगणना हेतु तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी आवश्यक व्यवस्था निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभूरकर, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मण्डावी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एके सिंह सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### आंगन से वाशिंग मशीन चोरी करने वाला गिरफ्तार

**कोरबा 21 नवम्बर ।** आंगन में रखे वाशिंग मशीन की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला कायम कर जांच शुरू की और आरोपित को पकड़ा। दर्री पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया मनीषा यादव थाना उपस्थित आकर लिखित में शिकायत की थी कि 18 नवंबर की रात उसके घर में रखें लायड कंपनी का वाशिंग मशीन कीमत 14000 रूपये की चोरी हो गई है। थाना प्रभारी दर्री चमन सिंहा ने मामले में पतासाजी करने के लिए मुखबिर को सतर्क करने के साथ पुलिस टीम भी लगाया। इस बीच जानकारी मिली कि उक्त चोरी अनुज महत एवं उसके साथियों ने की है। इस पर अनुज महंत 20 वर्ष निवासी श्यामनगर स्याहीमुड़ी थाना दर्री को बुला कर जब पूछताछ की गई, तब उसने जुर्म स्वीकार किया। उसने बताया कि वह अपने साथी नान्हू व बबलू के साथ मिलकर वाशिंग मशीन की चोरी किया है। इसके साथ ही उसने वाशिंग मशीन को बरामद कराया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया। शेष दोनों आरोपितों की पतासाजी की जा रही है।

### केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में विद्यार्थियों ने लगाई व्यंजन प्रदर्शनी

**कोरबा 21 नवम्बर ।** केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में बाल दिवस के उपलक्ष्य में व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य योगेश गुप्ता व सीसीए प्रभारी किरण साहू के अगुवाई में कक्षा बालवाटिका तीन से कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप प्राचार्य विश्राम केरकेट्टा एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापिका रीना शालिनी साइमन रही। बच्चों ने समूहों में विभिन्न राज्यों के वेशभूषा (परिधानों) में राज्य के व्यंजनों का प्रदर्शन एवं संवाद बोलकर किया। इसमें मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, राजस्थान, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा एवं सिक्किम राज्य के व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। बंगाल की मिठाई रसगुल्ला, बिहार का लिट्टी चोखा, राजस्थान का दाल-बाटी चूरमा, महाराष्ट्र का पाव-भाजी, गुजरात का ढोकला, फाफड़ा, जलेबी, उड़ीसा का सागा मोंगा, पंजाब का मक्के की रोटी एवं सरसों का साग, छत्तीसगढ़ का फरा, चीला, चैसेला, बरा, बोबरा एवं सिक्किम का मोमोज आदि था। बच्चों ने एक-दूसरे से अपना व्यंजन साझा किया एवं लुफ्त उठाया। उप प्राचार्य विश्राम केरकेट्टा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को एक दूसरे की संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा को समझने एवं साझा करने की प्रेरणा मिलती है।

### रिजर्व मशीनों को आईटी कॉलेज से वेयरहाउस में सुरक्षित रखा गया

**कोरबा, 21 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 नव बर को इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (आईटी कॉलेज) में स्थित स्ट्रांग रूम से विधानसभावार बिना मत पड़े, कैटेगरी सी व कैटेगरी डीध्रिजर्व की मशीनों को राजनीतिक दलों एवम् प्रत्याशियों की उपस्थिति में जीपीएस ट्रैकिंग युक्त वाहन में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के साथ शि ट किया गया। स पूर्ण कार्यो की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। उक्त मशीनें मतदान पश्चात आईटी कॉलेज झगरहा में स्थित स्ट्रॅान्ग रूम से पृथक अलग कक्ष में ईव्हीएम मशीनों के रिसीविंग के समय रखा जाकर 18 नवंबर 2023 को जिला स्थित वेयर हाउस में शि ट किया गया।

### पदोन्नति की मांगों को उठाएगा बीकेकेएमएस

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर में कार्यरत कई ऐसे कर्मचारी हैं जिनको पदोन्नति नहीं मिल पाई है। शुक्रवार को होने वाले आईआर बैठक में बीकेकेएमएस के द्वारा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। इस संबंध में संजय सिंह ने बताया कि कई ऐसे कर्मचारी हैं जिनकी पदोन्नति नहीं हो पाई है। पदोन्नति नहीं होने पर कम बेसिक में उन्हें काम करना पड़ रहा है। वेतन पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। इसी तरह सुरक्षा नियमों को पालन कराने को लेकर भी चर्चा की जाएगी। चोर दिनदहाड़े खदान क्षेत्र में घुस आते हैं।

# तहसील कार्यालय में रचाई शादी, पुलिस व प्रशासन का मिला सहयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 नवम्बर।** रायगढ़ जिला मुख्यालय में सोमवार की दोपहर एक प्रेमी युगल को पुसौर पुलिस ने पकडा और उसके बाद तहसील कार्यालय में दोनों को पेश करके पूरी जानकारी दी। सुनवाई के बाद तहसीलदार ने प्रेमी और प्रेमिका को बालिक होनें के कारण आपसी रजामंदी से उचित कदम उठाने की सलाह दी। उसके बाद दोनों ने तहसील परिसर में ही एक दूसरे को वरमाला पहनाते हुए शादी करने की बात कही। लड़के ने लड़की की मांग में सिंदूर डालते हुए इस बंधन को अपनाते हुए जल्द ही शादी की बात कही। जिसके बाद तहसील कार्यालय में ही पुलिस व प्रशासन की सरपरसी तथा परिजनों की उपस्थिति में प्रेमी जोड़े को विवाह के बंधन में बांध दिया गया।

इस प्रेमी-प्रेमिका के कथित प्रेम कहानी का सबसे बड़ा पहलू यह था कि दोनों सोशल मीडिया के जरिये एक दूसरे के करीब आये। पांच साल पहले हुआ यह प्यार घर वालों को नागवार गुजर रहा था तब मामला पुलिस तक पहुंच गया। लेकिन बालिक होनें के चलते पुलिस भी इन प्रेमी-प्रेमिका के उपर कार्रवाई करने में नाकाम रही।



### अंतरजाति होने के कारण आ रही थी अड़चन

36 वर्षीय राकेश अरोरा रायपुर के सेल टैक्स डिपाटमेंट में बतौर जूनियर अधिकार पद पर कार्यरत थे और उसका संपर्क सोशल मीडिया के जरिये खरसिया के रहने वाली 28 वर्षीय अंकिता मित्तल से हुआ और देखते ही देखते पांच साल के भीतर सोशल मीडिया का यह प्यार इतना परवान चढा कि दोनों एक दूसरे के साथ जीवन भर जीने मरने की कसमें खाने लगे। प्यार में रिश्ता शादी तक पहुंच गया पर दोनों के परिवार इटरकास्ट याने जाति बंधन के कारण तैयार नही हो रहे थे इसलिये लगातार कोशिशों के बाद भी ये दोनों मिलते तो थे पर शादी नही हो पा रही थी। प्रेमी युवक राकेश अरोरा का कहना है कि वह भी खरसिया में रहता है। साथ ही साथ अचानक सोशल मीडिया में खरसिया की रहने वाली अंकिता के साथ उसकी बातचीत शुरू हुई और दोनों में बेइंतिहा मोहब्बत हो गई। राकेश बताता है कि सेल टैक्स में होनें के कारण वह जल्द से जल्द अंकिता से शादी करना चाहता था चूंकि अंकिता मित्तल अग्रवाल जाति की थी तो मेरे व उसके परिवार के लोग इस प्यार में रूकावट बन रहे थे।

### पुलिस दो युवाओं को भागते हुए पकड़कर कोर्ट में पेश किया

रायगढ़ तहसील कार्यालय में पुसौर पुलिस ने राकेश तथा अंकिता को पुसौर ब्लाक से रायपुर की ओर कार द्वारा भागते हुए पकडा चूंकि अंकिता के घर वालों ने खरसिया पुलिस में शिकायत की थी कि 28 वर्षीय अंकिता घर से गायब है। जिसकी शिकायत पर खरसिया पुलिस ने नाकेबंदी के साथ.साथ मोबाईल लोकेशन एवं पुलिस लोकेशन के आधार पर इन दोनों को पकड़ने के लिये वायरलेस के जरिये संबंधित थाने में सूचना दे दी तब पुसौर पुलिस ने आज सुबह राकेश अरोरा व अंकिता मित्तल को हिरासत में लिया और दोनों को बालिक होनें के चलते तहसील कार्यालय में पेश किया। राकेश अरोरा व अंकिता पुलिस के सामने पहले ही बयान दे चुके थे वे एक दूसरे से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं पुलिस ने भी दोनों के बयान तहसील कोर्ट में पेश कर दिये जहां तहसीलदार कीर्तिका चंद्राकर ने दोनों को बालिक होनें के चलते एक दूसरे के उपर फैसला छोड़ते हुए उचित कदम उठाने को कहा। इसके बाद दोनों प्रेमी प्रेमिका ने तहसील परिसर में ही वकीलों को बुलाकर कोर्ट मैरीज करने के फार्म भरते हुए पुलिस तथा आम जनता के सामने तहसील परिसर में ही एक दूसरे को अपनाते हुए वरमाला पहनाकर अपने रिश्ते को मजबूत किया। राकेश ने भी अंकिता के गले में मंगलसूत्र पहनाकर उसकी मांग भर दी।

बालिक होनें के चलते घर से भागने के बाद भी अंकिता व राकेश अभी तक शादी शुदा नही हैं चूंकि निमयानुसार दोनों की कोर्ट मैरीज या मंदिर परिसर में ही शादी मान्य होती है। लड़का व लड़की पक्ष के अधिवक्ता सुनील शर्मा का कहना है कि दोनों बीते पांच सालों से प्रेम बंधन में हैं तथा दोनों शादी करना चाहते हैं इसके लिये तहसीलदार के समक्ष इन दोनों ने कोर्ट मैरीज का फार्म भर दिया है। इसके बाद दोनों ने प्रारंभिक रूप से एक दूसरे को अपनाने के लिये वरमाला डालकर रश्म को आगे बढ़ाया है। कोर्ट मैरीज के बाद दोनों विधिवत पति पत्नी हो जायेंगे। अधिवक्ता सुनील शर्मा यह भी बताते हैं कि इंटरकास्ट होनें के कारण दोनों के परिवार की रजामंदी नही होनें के बाद भी इनकी शादी कोर्ट मैरीज के रूप में जल्द कराई जायेगी।

# प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद,3 दिसंबर का किया जा रहा बेसब्री से इंतजार

■ **चुनाव परिणाम के बाद कई नेता हो जायेंगे गायब**

राजिम,21 नवंबर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो चुका है हर विधानसभा में भाजपा , कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, जनता कांग्रेस, जनशक्ति, बसपा, से लेकर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़े हैं, परिणाम 3 दिसम्बर को आ जायेगा, उसके बाद जो जीतने वाले नेता हैं, वो अपनी जीत का तो जश्न मनाएंगे, और जो हारने वाले नेता होंगे वे शांत पड़ जाएंगे, पर कई ऐसे नेता भी होते हैं, जो जीत हार की बिना परवाह किये सातों दिन जनता की सेवा में सक्रिय रहते हैं, व जनहित के मुद्दे अंचल में उठाते रहते हैं, जो सुख और दुःख में हमेशा खड़े होकर सहारा देते हैं भले ही बहुमत हासिल न हो

राजिम विधानसभा से 11 उम्मीदवार थे चुनाव मैदान में विधानसभा चुनाव में राजिम विधानसभा से 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे, चुनाव परिणाम आने पर जीत तो सिर्फ़ एक कि होगी और 10 प्रत्याशी चुनाव हारेंगे, हार जीत में वोट प्राप्ति में तो अंतर रहेगा ही पर अंचल में कुछ ऐसे भी जनप्रतिनिधि हैं जो हार जीत की बिना परवाह किये जनता की सेवा में तत्पर रहेगे व जनहित के मुद्दों को उठाते रहेंगे, पर कुछ ऐसे भी जनप्रतिनिधि हैं जो जीते तो ही जनता के रहते हैं और हार जाते हैं ।

तो अंचल से ग़ायब हो जाते हैं रियल जनप्रतिनिधि अंचल से कभी ग़ायब नही होते, वही आपके सच्चे दुःख सुख में साथ देने वाले जनप्रतिनिधि हैं, खैर प्रत्याशियों की किस्मत तो ईवीएम मशीन में कैद हैं, अब देखना होगा कि किसकी क़िस्मत चमकता हैं, किसका नही ये 3 दिसम्बर को पता चल जाएगा।



### समीक्षा बैठक में शामिल हुए ओपी चौधरी

**रायगढ़, 21 नवम्बर ।** मतदान संपन्न होने के बाद भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी भाजपा कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में ओपी ने चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं के अदम्य साहस की प्रशंसा करते हुए कहा इस धर्म युद्ध मे आप सभी का सराहनीय योगदान रहा। चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं से मिले अपनत्व प्रेम एवं मार्गदर्शन के प्रति भी ओपी ने कृतज्ञता जाहिर की। समीक्षा बैठक में चुनाव से जुड़े हुए बहुत से मुद्दो पर विस्तृत चर्चा भी हुई। ओपी ने कहा किसी भी दल के लिए कार्यकर्ता आम जनता व नेता के मध्य की अहम कड़ी होते है। इस मजबूत कड़ी के जरिए ही नेता आम जनता तक पहुंच पाते है।रायगढ़ के कार्यकर्ताओ को ओपी ने जोश उमंग से भरा हुआ उत्साही कार्यकर्ता निरूपित किया। इसी जोश उमंग उत्साह के साथ मोदी सरकार की योजनाओ को भी जन जन तक पहुंचाते रहना है। सभी कार्यकर्ताओ की एक जुटता सहयोग एवं आशीर्वाद से आगामी 3 दिसंबर को भाजपा प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने भी जा रही है।

# एसएसपी ने लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी रखने के दिए निर्देश

**रायगढ़, 21 नवम्बर।** कल शाम पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार द्वारा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण एवं थाना, चौकी प्रभारियों की मीटिंग लिया गया। मीटिंग के प्रारंभ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों एवं आफिस स्टाफ को जिले में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने की बधाई दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कानून का भय दिखना चाहिए। गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं अमन पसंद जनता के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रभारीगण से कहा गया कि आचार संहिता प्रभावशील है, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रखें। मीटिंग में एजेंडा अनुरूप थानों के लंबित अपराध शिकायत मर्ग, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का विश्लेषण कर अधिकारियों को वर्षांत के मद्देनजर थानों के लंबित अपराधए शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने का लक्ष्य दिया गया। मीटिंग में थाना प्रभारी को निर्देशित किये कि गिरफ्तारसुदा आरोपियों को न्यायालयीन समय पर पेश किया जावे, यद्यपि कारणवश आरोपियों को हवालात में रखने पड़े तो सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देने की समझाइश दिए। राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किये कि पर्यवेक्षण थानों के मर्ग डायरी की समीक्षा कर फाइल योग्य मर्ग डायरियों को फाइल करावे और जिन मर्ग पर अपराध पंजीबद होता है उन पर तत्काल अपराध पंजीकृत कराया जाए तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की जांच कर तत्काल रिपोर्ट भेजा जाए। उन्होंने मीटिंग में ट्रैफिक डीएसपी को प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाई साइलेंसर पर अधिक से अधिक कार्यवाही का निर्देशित किये तथा डीएसपी अजाक को एससी/एसटी मामले में पीड़ित क्षतिपूर्ति मामले का समय पर निराकरण के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को पुलिस पोर्टल से प्राप्त शिकायतें तथा साइबर टीप लाइन पर समयावधि पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। उन्होंने वर्षांत के पूर्व लंबित मामलों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश सहित लंबित शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिया गया। क्राइम मीटिंग में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण, रक्षित निरीक्षक, थाना/चौकी प्रभारी, चुनाव सेल एवं पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।



## समाचार संक्षेप

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 21 नवम्बर ।** शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाईट www.nta.ac.in Øæ https://e&ams.nta.ac.in/AISSEE/ का अवलोकन किया जा सकता है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 16 दिसम्बर 2023 शाम 5 बजे तक भर सकेंगे।

### मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के लिए डिंपल का चयन

**कोरबा, 21 नवंबर ।** विएतनाम में 22 नवंबर से एक दिसंबर 2023 तक होची मन सिटी में आयोजित सातवीं विश्व वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2023 के लिए छत्तीसगढ़ रा'य से एकमात्र खिलाड़ी डिंपल वैष्णव का चयन हुआ है। इसमें शामिल होने डिंपल सोमवार को मुंबई- हावड़ा मेल से कोलकाता के लिए रवाना हो गई। 21 नवंबर को भारतीय वोविनाम टीम के साथ कोलकता से हो ची मन सिटी के लिए उड़ान भरेंगी।

डि पल धरमपुर गेवरा बस्ती, कुसमुंडा की निवासी हैं तथा केंद्रीय विद्यालय से पूरा कर बीपीएड की पढ़ाई कर रही हैं। छत्तीसगढ़ वोविनाम मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश देवांगन ने डि पल को बधाई देते हुए बताया कि डिंपल राष्ट्रीय स्तर की स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी हैं तथा उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वोविनाम मार्शल आर्ट खेल पूर्व में स्कूल खेल में शामिल था तथा एशियाई बीच खेल, सी गे स, इंडोर एशियन मार्शल आर्ट खेल में खेला गया है। साथ ही एशिया की ओलंपिक बाडी ओलंपिक काउंसिल आफ एशिया से मान्यता प्राप्त है।प्रतियोगिता के लिए अध्यक्ष कमलेश देवांगन, सचिव नोवेल कुमार साहू छत्तीसगढ़ वोविनाम मार्शल आर्ट एसोसिएशन, कोरबा ओलंपिक संघ सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, खेल अधिकारी शिक्षा विभाग केआर टंडन, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी राम कृपाल साहू व अभिभावकों ने अ'छा खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय कूडो में भाग लेंगे जिले के पांच खिलाड़ी

**कोरबा, 21 नवंबर ।** अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कूडो मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता गुजरात के सूरत में 22 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित की गई है। जिसमें पूरे देश से लगभग 2500 खिलाड़ी व 15 अलग-अलग देश से प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस आयोजन में जिले के पांच प्रतिभागी भाग लेने के लिए सोमवार को रवाना हुए। लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में जिन प्रतिभागियों का चयन हुआ है उनमें इश्कृत कौर छाबड़ा, आर्या सेठी, वीरभद्र प्रकाश पैकरा, यशराज खरे एवं विधि विजयवर्गीय शामिल हैं।

कूडो एसोसिएशन आफ कोरबा के अध्यक्ष प्रेमराज बंजारे ने बताया कि 27 से 29 नव बर तक अंतरराष्ट्रीय कूडो अक्षय कुमार टूर्नामेंट आयोजित है। इसमें अक्षय कुमार स्वयं उपस्थित होकर ब'चो को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण करेंगे। बंजारे ने बताया कि कूडो जैपनीज हाइब्रिड मार्शल आर्ट्स खेल है जो कि भारत सरकार खेल एवं युवा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है। इस खेल के चेयरमैन फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार है। छत्तीसगढ़ कूडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अविनाश बंजारे, संभाग अध्यक्ष अजीत शर्मा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है।

### कुसमुंडा में युवक की हत्या

**कोरबा-रायपुर, 21 नवंबर ।** दर्री थानांतर्गत साडा कॉलोनी में एक व्यक्ति की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक टाटा मोटर्स छूरी में कार्यरत नरेंद्र पाल सिंह उर्फ रोजी है। वहीं आरोप सुमित दास नामक ने उसकी हत्या की है।जानकारी के अनुसार, कोरबा के दर्री थाना क्षेत्र में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। साडा कॉलोनी निवासी सुमित दास नामक व्यक्ति ने कुसमुंडा निवासी नरेंद्र पाल सिंह उर्फ रोजी की प्राण घातक हमला कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि, मृतक रोजी छुरी के टाटा मोटर्स में कार्यरत है, जो बीती रात आरोपी के घर किसी काम से गया हुआ था। यही किसी बात को लेकर मृतक का आरोपी से विवाद हुआ। जिसके बाद आरोपी ने रोजी की हत्या कर दी। आरोपी सुमित दास मुंबई की एक कंपनी में ऑनलाईन काम करता है और साडा कॉलोनी स्थित ऋषभ कश्यप के घर पर किराए के मकान में रहता है।

### हाथियों के डर से कई गांव में धान कटाई ठप

**कोरबा, 21 नवंबर ।** हाथियों के दल के विचरण के कारण कोरबा व कटघोरा वन मंडल जलके, तनेरा व गुरमा सहित आसपास के दर्जन भर गांव में सप्ताह भर से धान खरीदी का काम ठप पड़ गया है। दोनों ही वनमंडलों में इन दिनों 88 हाथी विचरण कर रहे हैं।पखवाड़े भर के भीतर पड़ोसी जिला सूरजपुर, कोरिया व रायगढ़ से हाथियों के जिले में प्रवेश करने से सं या बढ़ गई। जिले में हाथियों की सं या में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे नुकसान का भी दायरा बढ़ने लगा है। कटघोरा वन मंडल के पसान व केंदई रेंज में 48 हाथी पखवाड़े भर पहले विचरण कर रहे थे। यहां सूरजपुर से 11 व कोरिया से दो हाथियें के आने सं या 61 हो गई है।इसी तरह कोरबा वन परिक्षेत्र के कुदमुरा रेंज में 16 हाथी विचरण कर रहे थे यहां रायगढ़ से 11 हाथियों के आने से सं या 27 हो गई है। दोनो ही वन मंडल क्षेत्रों में विचरण कर रहे हाथी जंगल के बजाए गांव के आसपास डेरा डाले हैं। धान फसल पक कर तैयार है। हाथियों के लिए बेहतर चारा साबित हो रही है। विडंबना यह है कि धान फसल को जितना चट करने से नुकसान होता है उससे अधिक रौंदने से हा रही है। किसानों को धान की सुरक्षा के लिए मचान में रतजगा करना पड़ रहा है। दल में बंटे हाथियों से अधिक खतरा लोनर हाथियों से है। इन दिनों साल्हो पहाड़ व उचलेंगा के आसपास दो लोनर विचरण कर रहे हैं। वन विभाग की ओर से लगातार मुनादी कराकर लोगों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही हैं।

### ब्राह्मण द्विज परिवार का कार्यक्रम 23 को

**कोरबा।** ब्राह्मण द्विज परिवार के द्वारा सीतामणी निवासी विष्णु शंकर मिश्रा के निवास स्थान पर 23 नवंबर को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें आंवला नवमी सहित कई कार्यक्रम होंगे। ब्राह्मण द्विज परिवार की संरक्षक श्रीमती मनोरमा शर्मा, अध्यक्ष राजेश पांडेय, मेदनी मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, उषा पांडेय सहित कई सदस्य मौजूद रहेंगे। इस दौरान संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अन्य मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

### पोड़ी उपरोड़ा में रामायण पाठ 23 को

**कोरबा।** ग्राम पोंड़ी उपरोड़ा मरखी माता मंदिर प्रांगण में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 नवंबर गुरुवार को अखंड नवधा रामायण समिति के नेतृत्व में रात्रि कालीन रामायण गान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्री सुंदरकांड कथा विशेष रहेगा इसके लिए आयोजन समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है एवं आसपास क्षेत्र के ग्राम मानस मंडलियों को आमंत्रित किया जा रहा है कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण सिंह कंवर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया दूर तरह से आने वाली मानस मंडली के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है, आयोजन समिति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# जिले के उपार्जन केंद्रो में धान उठाव शुरू

**कोरबा, 21 नवंबर ।** जिले के उपार्जन केंद्रो में धान खरीदी को लेकर भले ही प्रगति न आई हो लेकिन विपणन विभाग ने उठाव शुरू कर दिया है। शासन ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय लिया है। उपार्जन केंद्रों में धान रखने के लिए जगह कम पड़ने की आशंका को देखते हुए अभी से उठाव किया जाने लगा है। खरीदी कार्य शुरू होने के 20 दिन के भीतर 2,760 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।धान खरीदी में इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों का प्रभाव देखा जा रहा है। बड़े राजनैतिक दलों ने अपनी जीत सुनिश्चत करने के लिए किसानों को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कर्ज माफ, 20 से 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी, एक मुश्त राशि का भुगतान, दो साल का बोनस, प्रति क्विंटल ×,100 रूपये भुगतान जैसे वायदों के बीच अब किसान सरकार गठन का इंतजार कर रहे हैं। धान उपार्जन को सुविधाजनक बनाने के लिए शासन ने इस बार भी पांच नए केंद्रों को स्वीकृति दी है। आम तौर पर धान उपार्जन शुरू होने के पखवाड़े भर बाद खरीदी में तेजी आ जाती थी लेकिन इस बार नए सरकार गठन के इंतजार में धान बिक्री से दूरी बना रखी है।धान बेचने के लिए वे ही किसान आ रहे हैं जिन्होने बिना ऋण लिए खेती की है। ऋणी किसानों को कर्जा माफी का इंतजार है। बताना होगा कि इस वर्ष खेती में मानसून का साथ होने की वजह बंफर फसल की संभावना व्यक्त की जा रही है। तीन दिसंबर के बाद धान खरीदी में तेजी आएगी। धान खरीदी के दौरान उपार्जन केंद्रों धान रखने के लिए जगह कम पडने की संभावना को देखते हुए जिला विपणन विभाग ने अभी से उठाव शुरू कर दी है। धान खरीदी में बिचौलियों सक्रियता को रोकने के लिए इस बार बायोमिट्रिक डिवाइस से धान खरीदी की जा रही है। रकबा सत्यापन के बाद भी किसानों के धान की खरीदी होगी। सोमवार को 880 क्विंटल धान का उठाव किया गया। 65 में 41 केंद्र अभी भी बोहनी से दूर हैं।धान को ड्रेनेज में रखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा प्रत्येक किस्म के धान को अलग अलग लाट में रखने की हिदायत दी गई है। इससे पहले जिस तरह से धान के लाट को बेतरतीब रखे जाने से उठाव के समय अतिरिक्त समय लगता था। लाट में धान रखने से उठाव में सुविधा होगी। खरीफ वर्ष 202×-24 में 25 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक बीज की सुरक्षा की जि मेदारी समितियों की रहेगी।धान की सुरक्षा, हमाल से काम करवाने व किसानों की आवश्यक सुविधा के लिए शासन की ओर प्रत्येक क्विंटल के दर से 12 रूपये सुरक्षा राशि जारी की जाएगी। उक्त राशि में से पिछली धान खरीदी के दर से तीन रूपये जारी किया गया है। इस आशय से किसानों से धान पलटी हमाल से ही कराया जाएगा। समिति प्रबंधक धान की खरीदी के लिए के लिए किसानों से काम नहीं ले सकेंगे। उपार्जन केंद्र में धान की कीमत संबंधित लैक्स, विद्युतीकरण, पेयजल सुविधा आदि सुनिश्चत करने के लिए प्रबंधकों से कहा गया है। अव्यवस्था की स्थिति में किसानों द्वारा शिकायत किए जाने पर प्रशासन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस वर्ष पांच नए उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें चिर्रा, कुदमुरा, नवापारा, बक्साही के नवापारा शामिल है। दो वर्ष पहले जिले के 49 उपार्जन केंद्रों में खरीदी हो रही थी। 16 नए केंद्रों के अस्तित्व में आने से अब धान खरीदी की सं या 65 हो गई है। नए केंद्रों के खुलने से किसानों को लंबी दूरी तय करने की समस्या से मुक्ति मिल रही है, साथ ही परिवहन खर्च कम हो गया है। धान की सुरक्षा के लिए शेड, चबूतरा व गोदाम निर्माण की प्रक्रिया अभी भी शुरू नहीं की गई है। उपार्जन केंद्रों में धान बिक्री के लिए पहुंचे किसानों के लिए बैठक की भी सुविधा नहीं है। नए खरीफ वर्ष में धान 25 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित है। उपार्जित धान को रखने के लिए 62 लाख बारदानों की आवश्यकता होगी। बीते वर्ष की तरह इस साल भी नए और पुराने बारदानों में खरीदी होगी। विपणन विभाग ×4.50 लाख नए बारदाने उपलब्ध हैं। अगस्त माह से अब तक 11 लाख पुराने बारदानों का संग्रहण किया जा चुका है। वर्तमान में कुल उपलब्ध बारदाने 45.50 लाख हैं। अभी भी आवश्यकता की तुलना में 16.50 लाख बारदाने कम हैं। दो साल पुराने बारदानों में उपयोगी ढूंढना मुश्किल हो गया है। जीर्ण बारदानों में भराई से धान बिखरने की आशंका बनी है।

### स्पीकर व सांसद ने जताया शोक

**कोरबा, 21 नवंबर ।** कटघोरा विधानसभा के पूर्व विधायक स्व. कृष्णालाल जायसवाल (गुरूजी) की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या देवी जायसवाल,का 82 वर्ष की आयु में रविवार को देहावसान हो गया। छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा सांसद 'योत्सना महंत ने अपनी गहरी संवेदना जताते हुए अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।

## एक नजर

### पसान व केंदई रेंज में 4 लोनरों से ग्रामीणों में भारी दहशत

**कोरबा, 21 नवंबर।** जिले के वन मंडल कटघोरा व कोरबा में हाथियो का खौफजारी है यहां के पसान व केंदई रेंज में कुल 63 की संख्या में हाथी घूम रहें है। जिनमें से 59 हाथी पनगंवा व जलके क्षेत्र में सक्रिय है जबकि दो लोनर हाथी रेंज के बनिया व तनेरा गांव में मंडरा रहे है केंदई रेंज के साल्ही पहाड़ तथा उच्चलैंगा में दो लोनर हाथियो का विचरण दल से अलग हो रहा है। लोनर हाथियो के चार जगहों पर सक्रिय होने से क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है। बढ़ते खतरे को देख वन विभाग विशेष सर्तकर्ता बरत रहा है। विभाग की ओर इन हाथियो की विशेष निगरानी की जा रही है। क्योकि लोनर हाथियो के दल से अलग होकर विचरण करने से खतरा बढ़ जाता है। दल में रहने से लोनर का स्वभाव शांत रहता है जबकि अलग होने पर आक्रामक हो जाते है केंदई रेंज के साल्ही पहाड़ में मौजूद लोनर ने बीति रात पहाड़ से नीचे उतर कर उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों के धान फ़सल को रौंद दिया वहीं पनगंवा व जलके में मौजूद हाथियो के दल ने भी आधा दर्जन किसानों की फ़सल को तहस-नहस किया है। इधर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गुरमा में मौजूद 37 हाथियो का दल बीती रात बेकाबू हो गया।

### कालोनी में सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा

**कोरबा, 21 नवंबर।** एसईसीएल कुसमुंडा आदर्श नगर कालोनी में साफ-सफ़ई ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। कालोनी के अलावा आसपास के मोहल्लों में भी सफ़ई व्यवस्था को लेकर कामगारों में आक्रोश है। नालियों की सफ़ई के अलावा कचरे उठाए नहीं जा रहे हैं। लापरवाही होने के कारण मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले को एसईकेएमसी ने काफ़ी गंभीरता से लिया है।

### क्षतिग्रस्त वैगनों को हटाने का काम शुरू

**कोरबा, 21 नवंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत एसईसीएल क जूनाडीह साइडिंग पर हुए घटनाक्रम में मालगाड़ी के 4 वैगन डी-रेल होने के साथ क्षतिग्रस्त हो गए। मेकेनिकल डिपार्टमेंट की टीम संसाधन के साथ यहां पहुंची। ट्रैक से उतरे वैगन को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। दीपका क्षेत्र के अंतर्गत यह घटना हुई थी जहां मालगाड़ी के 4 वैगन ट्रैक से उतर गए थे। इस वजह से संबंधित लाइन पर कई घंटे आवाजाही बाधित रही और कोल ट्रांसपोर्टेशन थमा रहा। रेलवे सूत्रों ने बताया कि जिस ट्रैक पर घटना हुई उसके आसपास कोल डस्ट जमा होना इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। नियमित रूप से मौके पर सफ़ाई करने की व्यवस्था कराई गई है और संबंधित कर्मियों को इसके लिए निर्देशित किया गया है। समयबद्ध कार्यक्रम नहीं करने के नतीजन जूनाडीह साइडिंग में काफ़ी हिस्से में ट्रैक के इर्द-गिर्द बड़ी मात्रा में कोल डस्ट की मौजूदगी कायम है। बताया गया कि इस तरह की परिस्थितियों के कारण मालगाड़ी को चलने में असुविधा होती है और स्लरी व डस्ट के संपर्क में आने के साथ मालगाड़ी के पहिए अपनी वास्तविक जगह से डि-लोकेट हो जाते हैं। मालगाड़ी के चार डिब्बों के ट्रैक से उतरने के पीछे इसी प्रकार के हालात जिम्मेदार रहे। घटना के बारे में लोको पायलट के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### प्राकट्य दिवस पर जलाराम बापा की निकली शोभायात्रा

**कोरबा, 20 नवंबर।** श्री जलाराम सेवा समिति द्वारा जलाराम मंदिर में संत श्री जलाराम बापा का जयंती उत्सव 19 नवंबर को धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर में विराजित श्री विग्रहो का अभिषेक किया गया जिसके दाता स्व. निर्मणा बेन जयंती भाई पटेल अग्रसेन मार्ग कोरबा रहे। सुबह 9.30 बजे जलाराम बापा का अभिषेक पूजन, अखंड दीप प्रागट्य किया गया। दोपहर में शोभायात्रा पचाण भाई शामजी भाई पटेल व नानजी भाई शामजी भाई पटेल सीतामढ़ी के निवास स्थान से डीडीएम रोड स्थित जलाराम मंदिर तक निकाली गई। शोभा यात्रा में समाज के लोग झूमते-नाचते रहे और भक्ति गीतों का आनंद भी लिया। इसके पश्चात संयुक्त सभा, वार्षिक आय-व्यय की प्रस्तुति के बाद दाताओं का आभार व्यक्त किया गया। शाम को दैनिक पूजा-आरती पश्चात जलाराम बापा की महाआरती हुई। आरती उपरांत महाप्रसाद भंडारा भी आयोजित हुआ। महाप्रसाद भंडारा के दाता पीयूष भाई नितिन भाई राठौड़ व कल्पेश भाई नितिन भाई राठौड़ थे। शोभा यात्रा सहित सभी आयोजनों में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

कलेक्टर-एसपी ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण, किसानों से मिलकर व्यवस्था का लिया जायजा

# सूखत के नाम से न हो किसानों से अधिक धान की खरीदी:चंदन कुमार

- तय मानक से न हो अधिक आर्द्रता, जिले में अब तक 21 हजार 282 मीट्रिक टन हुई धान की खरीदी, 6 हजार से अधिक किसानों ने बेचा अपना धान, 43 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 21 नवम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आज बलौदाबाजार एवं पलारी विकासखंड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बलौदाबाजार के ग्राम सकरी, पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं नगर पंचायत पलारी के धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर, टोकन रजिस्टर की बारिकी से जांच की। इसके साथ ही ढेरी में लगाए हुए धान को पॉस मशीन के जरिये आर्द्रता को मापा गया। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया। इस दौरान कलेक्टर को कही कही किसानों से सूखत के नाम से किसानों से अधिक धान खरीदी एवं निर्धारित तय सीमा में नमी धान की शिकायतों को बड़ी गंभीरता से लिए है उन्होने सभी अधिकारियों एवं प्रबंधको को दू टूक कहा कि किसी भी स्थिती में किसानों से सूखत के नाम से अधिक धान की तोलाई ना करे ना ही तय सीमा से अधिक नमी वाले धान की खरीदी की जाएं इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से कहा कि किसान कड़ी मेहनत कर धान उत्पादन करता है। किसान की मेहनत का वाजिब दाम मिले और उनके काम का सम्मान हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र में छाया व बैठक व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें। उन्होंने कहा कि एक दिन में जितने किसानों से धान की खरीदी हो सके, उतने ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा ना हो कि कोई किसान धान बेचने के लिए आए और उसे अनावश्यक रूप से अधिक समय तक रूकना पड़े। कलेक्टर श्री कुमार ने उपस्थित किसानों, फ्ड़ प्रभारी, मजदूरों अन्य ग्रामवासीयों से बातचीत की। बातचीत के दौरान ग्राम अमेरा निवासी प्रदीप कुमार ने कलेक्टर श्री कुमार को बताया कि मुझे धान बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। सकरी धान खरीदी में किसान ग्राम सकरी धनी राम साहू ने बताया कि आज मैंने 900 कट्टा धान सकरी खरीदी केन्द्र में बेचा हूं। इसी तरह पलारी धान खरीदी के प्रबंधक ने बताया कि लगभग 800 किसान समिति में पंजीयन है। जिसमें से अभी तक 60 किसानो ने अपने धान बेचे हैं। उक्त निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, खाद्य अधिकारी विमल कुमार दुबे, नोडल अधिकारी श्री शर्मा, डीएमओ निधि शशांक दुबे एवं डीआरसीएस श्री गौड़ सहित संबंधित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### अब तक हुई धान की खरीदी

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 6 हजार 328 किसानों से 21 हजार 282 में.टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसके तहत 19 हजार 591 में.टन मोटा, 718 मे.टन पतला, 973 मे..टन सरना शामिल है। इसके एवज में लगभग 43 करोड़ रूपये का भुगतान आंनलाईन माध्यम से किया जा चुका है। अभी तक 4 हजार 192 में.टन डीओ जारी की जा चुकी है। लगभग मिलर द्वारा 1 हजार 97 में.टन का उठाव भी किया चुका है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 62 हजार 534 किसान पंजीकृत है। जिसके तहत इस वर्ष 7 लाख 48 हजार 924 में.टन खरीदी अनुमानित है। अभी तक कुल खरीदी का महज 2.84 प्रतिशत ही खरीदी हुई है।

### जिले में 4402 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**कोरबा, 21 नवंबर।** जिले में भी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुए 18 दिन हो चुके है। 65 केंद्रों में से अब तक सिर्फ20 केन्द्रों में ही धान खरीदी की बोहनी हो सकी है। 45 केंद्रों में अभी भी इंतजार है। वनांचल के क्षेत्र में धान कटाई अधिक हुई है। 41 सहकारी समितियों के 65 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। इस बार किसानों की संख्या 50 हजार से भी अधिक है। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक कोरबी केंद्र में महिला किसान लीलावती ने 50 क्विंटल धान बेचकर शुरुआत की। यहां अब तक 122 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। कटघोरा में अभी तक 274 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसी तरह छुरी कला, पसान, नुनेरा, रामपुर, पोटापानी, सिरमीना में भी धान की खरीदी शुरू हो चुकी है। बरपाली क्षेत्र में धान की आवक अधिक होती है। लेकिन यहां अभी धान की कटाई चल रही है। अभी तक 20 केंद्रों में 4402 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। अभी उठाव शुरू नहीं हुआ है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नीलू वर्मा रही प्रथम

## रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने अकलवारा स्कूल में किया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 21 नवम्बर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर विद्यार्थियो के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किया गया।जिसमे रानी लक्ष्मीबाई के संदर्भ में करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, चंद्रयान 3, जी 20, छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति से संबंधित प्रश्न किये।विद्यालय के विद्यार्थियो द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नीलू वर्मा ने सर्वाधिक उत्तर देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही टोमेश्वरी दीवान द्वितीय और पीयूष साहू तृतीय स्थान पर रहें। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा के प्राचार्य के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य जी.पी.वर्मा ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ का स्वागत कर विद्यार्थियो को वर्तमान के परिवेश, देश दुनिया से जुड़े रहने का आग्रह किया।उपप्राचार्य एस.के.वर्मा द्वारा विद्यार्थियो के सही उत्तर देने तथा निरंतर प्रयास करने पर उत्साहवर्धन किया गया।शिक्षक साहू ने चंद्रयान 3, नए संसद भवन, जी 20 के संदर्भ में विद्यार्थियो को मार्गदर्शन दिया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता भिषेक पांडेय ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियो से प्रश्न पूछकर अंक दिए, इस अवसर पर प्राचार्य जी पी वर्मा, एस के वर्मा, साहू सर, विद्यार्थी परिषद छुरा के कार्यकर्ता भिषेक पांडेय, राहुल सिन्हा, एकलव्य शर्मा, पायल, मुस्कान देवांगन, आरू यादव, अभिषेक नेताम, राजेश नेताम तथा अन्य शिक्षक, शिक्षिका विद्यालय के छात्र छात्राएं तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

### स्वयंसेवकों ने मतदाता मित्र के रूप में किया अतुलनीय कार्य

**कोरबा, 21 नवंबर।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशक डॉ अशोक कुमार श्रोती, राज्य राष्ट्रीय सेवा योजनाअधिकारी डॉ.नीता बाजपेयी व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण मे, कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन व शासन प्रशासन के निर्देशन में बोईदा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने 17 नवंबर मतदान दिवस को विशेष निर्देशन व आदेश में मतदान केंद्र में आने वाले सभी मतदाता अंधे शिथलांगजन, दिव्यांगजन, वृद्ध जन, शारीरिक अक्षमता दर्शाने वाले उन सभी मतदाताओं को महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्ति हेतु व उनको विशेष सुविधा प्रदान करने हेतु बोईदा इकाई के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को मतदाता मित्र के रूप में आदेशित किया गया था जिनके द्वारा बहुत ही प्रशंसनीय व अतुलनीय सेवा देते हुए सहयोग किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं. ....................
अ/6 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शिवकिशोर गुप्ता पिता जीवन लाल गुप्ता जाति उमेरबानी निवासी बुधावारी पारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित भूमि शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 1812/4 क्षेत्रफल 417 वर्गफुट भूमि को दिनाँक 23/08/2023 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त क्रय की गई भूमि को आवेदक के नाम से प्रमाणीकरण कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति, एवं तलवाना पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 11/12/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 20/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)


# मतदान समाप्त:चुनाव प्रबंधन और खामियों को लेकर बैठक कर रहे राजनीतिक दल

**कोरबा, 21 नवंबर।** जिले में दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर को विधानसभा का मतदान संपन्न हो गया। जिले में 74 प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं ने मतदान करने में रूची दिखाई। जबकि सवा दो लाख से ज्यादा मतदाता या तो मतदान करने को लेकर उदासीन रहे अथवा तकनीकी कारणों से उन्हें मतदान का अवसर नहीं मिला। इव्हीएम के स्ट्रांग रूम में जमा होने के बाद अब इस बात की चर्चा हो रही है कि नतीजे क्या होंगे? चुनाव प्रबंधन में लगे बैठक का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही जल्द उन लोगों की छटनी हो सकती है जिन्होंने चुनाव के दौरान पार्टी के विरोध में काम किया।

जिले की 3 विधानसभा सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच रहा। जबकि एक विधानसभा में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी को मुख्य मुकाबले में माना गया है। शेष प्रत्याशियों की भूमिका निर्णायक के बजाये वोट काटने वाले के रूप में हो सकती है। ऐसा पहले भी हुआ है। 17 नवंबर को हुए मतदान में 7 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए वोट डाला। जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र मिलाकर 1081 स्थानों पर मतदान की व्यवस्था प्रशासन के द्वारा कराई गई। पिछले चुनावों की तरह इस बार भी प्रत्याशियों ने कुछ स्थानों परन अपनी हैसियत और रणनीति के हिसाब से संसाधन खर्च किये और खुब नगदी का भी इंतजाम किया। अगले पांच चाल के आराम के लिए यह सब करना राजनीति में जायज माना जाता है। इसके अलावा कई तौर तरीकों पर भी अमल किया गया है। इन सबके बावजूद जिले में अब तक किसी के द्वारा दावा नहीं किया जा रहा है कि जीत किसकी होगी। लेकिन अनेक प्रत्याशियों की मतदान के बाद से ही हवा खराब है।

जानकारी के अनुसार मतदान समाप्त होने के बाद यहां-वहां से आई रिपोर्ट और पब्लिक के रूझान में कुछ दलों को खुश होने का मौका मिला है तो कुछ को परेशान भी किया है। जैसे-जैसे सूचनाओं का अनुपात और उनके संबंध में मजबूत आधार बड़ रहा है, उससे अच्छे-अच्छे प्रत्याशियों की नींद गायब हो गई है। सूत्रों ने बताया कि जिले में मतदान का मिलाजूला आकंड़ा भी परेशानी का एक कारण है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई**

**(संपत्तिकर विभाग)**

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/825/380 — भिलाई, दिनांक 10/11/2023

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्रीमती सोमा पाल पति श्री बरूण कुमार पाल 2. बरूण कुमार पाल, पिता श्री जे.एल. पाल, दोनों निवासी-बी/523, स्ट्रीट नं.-4, स्मृतिनगर, भिलाई, वार्ड नं. 01, मोतीलाल नेहरूनगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. डॉ. विवेक कुमार, पिता श्री विजय कुमार, निवासी-म.नं.-26, फेस-2, महादेव घाट अमलेश्वर, तह. पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.), 2. श्रीमती प्रीति सिंह, पति डॉ. विवेक कुमार, निवासी-म.नं. 03, वार्ड नं. 12, शासकीय हास्पिटल सतपता, पोस्ट विश्रामपुर, सतपता सुरजपुर, जिला सुरजपुर (छ.ग.) | बिक्रीनामा | खम्हरिया, वार्ड नं. 01, जुनवानी (चौहान ग्रीन वैली) (जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग), भिलाई, फ्लैट नं. 36, ब्लाक-'D3', पंचम तल, क्षेत्रफल 663.27वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2. | श्रीमती हरमिंदर कौर सलुजा, पिता-स्व. बुद्धसिंह चावला, पति-श्री सुरजीत सिंह सुलजा, निवासी-हरनाबांधा रोड, तकीया पारा, स्टेशन रोड दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सरस्वती गोंडाने, पति-श्री प्रकाश नारायण गोंडाने, निवासी-एच.आई.जी.-2/129, डीडीयू नगर, लिटिल फ्लावर विद्यालय के पास, सेक्टर-4 रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं.-01 पुष्पक नगर, अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं.-414/56, रकबा-1800 वर्गफीट, आवासीय रिक्त भूमि। |
| 3. | डॉ. दीपक चन्द्राकर, पिता-स्व. बी.पी. चन्द्राकर, निवासी-ब्लाक नं.18, फ्लैट नं. 202, विधानसभा रोड, अशोका रत्न कालोनी, शंकर नगर, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) | श्रीमती क्षमता राठौर, पति श्री राहुल राठौर, निवासी-ब्लाक नं. डी 1, फ्लैट नं. 46, छठवां फ्लोर, चौहान टाउन, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई (वार्ड क्रमांक- 02, जुनवानी वार्ड के स्मृति नगर से चौहान टाउन अंदर भाग), भिलाई, फ्लैट नं. 31, ब्लाक 'D2', तृतीय तल, क्षेत्रफल-969.26 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4. | श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, पिता स्व.के.एन. श्रीवास्तव, निवासी-ब्लाक नं. ए, फ्लैट नं. 307, सूर्या रेसीडेंसी, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | मनीषा कुमारी, पिता श्री श्यामानन्द कुमार निवासी-बरमसिया, नजदीक पावर हाउस, कटिहार (बिहार) | बिक्रीनामा | जुनवानी, जुनवानी वार्ड, वार्ड क्र. 01 (जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग) 'चौहान हाउसिंग कंपनी' (चौहान ग्रीन वैली), भिलाई, फ्लैट नं.-01, प्रथम तल, ब्लाक-ए1, क्षेत्रफल-595 वर्गफीट आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 5. | हरमिंदर कौर पिता बुद्ध सिंह, निवासी-197, वार्ड नं. 08, तकिया पारा, स्टेशन रोड, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सपना गोस्वामी पति श्री अनिल कुमार गोस्वामी, निवासी-वार्ड नं.-10, मकान नं.-882/के, सड़क-1, बुद्ध विहार के पास, शंकर नगर, दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी पुष्पक नगर (वार्ड नं. 01, जुनवानी), अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 414/57, रकबा-1500 वर्गफीट, आवासीय रिक्त भूमि। |
| 6. | 1. मूलचंद जैन, आ. श्री वीरचंद जैन 2. दीपक कुमार जैन, आ. श्री वीरचंद जैन, निवासी-सोना जनरल स्टोर जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती सुमनजीत कौर, ध.प. श्री इकबाल सिंह 2. इकबाल सिंह आ. श्री कशमीर सिंह निवासी:- ई.डब्ल्यू.एस. 374, वार्ड नं. 10 वैशाली नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड नं. 11, अंबेडकर नगर वार्ड अंतर्गत शांति नगर अंदर भाग भिलाई, खसरा नम्बर-7201, रकबा-1559 वर्गफीट आवासीय रिक्त भूमि। |
| 7 | 1. सत्यनारायण भागवतुला, आ. श्री बी.वी. नरसिम्हम, 2. श्रीमती अनुपमा भगवतुला, निवासी-मकान नं. 31/9, नेहरू नगर (पूर्व), सुपेला भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सी. राधिका, ध.प. श्री सी.व्ही.व्ही. श्रीधर, निवासी:- प्लाट नं. 29/14, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं. 01 (सूर्या अपार्टमेंट) भिलाई, फ्लैट नं.-एफ/44, चतुर्थ तल क्षे.-771.06 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |

उपायुक्त (संपत्तिकर)
नगर पालिक निगम
भिलाई


# अय्यप्पा सेवा समिति ने किया 60 दिवसीय मंडलकाल पूजा महोत्सव का शुभारंभ

**कोरबा, 21 नवंबर।** अंचल के सुभाष ब्लाक एसईसीएल क्षेत्र में स्थित श्री अय्यप्पा (शनिश्चर) मंदिर में श्री अय्यप्पा सेवा समिति द्वारा 60 दिवसीय मंडलकाल पूजा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पूजा अल सुबह प्रभात फेरी के साथ हुई और दोपहर तक निर्माल्य दर्शन, गणपति हवन, उषा पूजा, भागवत पारायण, मध्यान्ह पूजा, नागपूजा समेत विविध अनुष्ठान मंदिर के पुजारी ने संपन्न कराए। इसमें मलयाली समाज के लोगों ने सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। इस पूजा में अन्य समाज के लोगों ने भी भाग लिया।

मंडलकाल पूजा के लिए श्री अय्प्पा मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी मोहनन नंबूदिरी ने पूजा-विधि संपन्न कराए। पूजा का विशेष आकर्षण शाम को होने वाली दीप आराधना (आरती), आतिशबाजी, भजन कीर्तन व पवित्र 18 सीढ़ी पूजा रही। पूजा के बीच समाज की महिलाओं ने मंदिर में भजन कीर्तन कर श्री अय्यप्पा स्वामी को याद किया। मंदिर के चारो तरफ दीप जलाए गए। शामिल आतिशबाजी के साथ पूजा मंडल पूजा का उत्साह समाज के लोगों ने मनाया। शाम 7.30 बजे शुरु हुई सीढ़ी पूजा देर रात तक चली। मंदिर के प्रमुख द्वार बनी पवित्र 18 सीढ़ी को मंडल पूजा विधान के दौरान विशेष रूप से सजाया गया था। सीढ़ों पर फूल बिखेरने के साथ ही ज्योत जलाए गए थे।

मान्यता है कि इन सीढियों से होकर भगवान अय्यप्पा स्वामी का दर्शन करना सौभाग्य की बात होती है। यह सौभाग्य हर किसी को प्राप्त नहीं होता है। 60 दिवसीय पूजा के 41वें दिन यह लाभ मिलता है। श्री अय्यप्पा सेवा समिति के महासचिव सुब्रमणियम के अध्यक्ष के. राजेश ने बताया कि श्री अय्यप्पा स्वामी को चंदन का पेस्ट जिसमें, केशर, कपूर व गुलाब जल होता है प्रसाद के रूप में उपस्थित श्रद्धालुओं को दिया जाता है। मंडलकाल के दौरान संपूर्ण पूजा, भंडारा एवं पवित्र अठारह सीढ़ी पूजा का आयोजन जादूगर रमेश के सौजन्य से हुआ। समिति के पदाधिकारियों ने आगामी पूजा में मलयाली समाज के लोगों के साथ ही अन्य समाज के लोगों से शामिल होने का आह्वान किया है। पूजा मंडल पूजा का विधान 60 दिवसीय है, जिसका शुभारंभ शुक्रवार को विविध अनुष्ठान के साथ हुआ। मंडल विधान की दूसरी पूजा 12वें दिन श्री अय्यप्पा शनिश्चर मंदिर में 28 नवंबर को होगी। इस दिन भी पूजा की सभी रस्में निभाई जाएंगी, जो शुक्रवार को हुई। इसी तरह 41वें दिन मंडल पूजा का तीसरा चरण होगा। इस पूजा में भी सर्व समाज के लोगों से शामिल होने का आह्वान किया है।

## एक नजर

### दिवाली मिलन में स्नेह भोज के साथ हास्य व्यंग्य व गेम्स का लिया आनंद



**रायपुर, 21 नवम्बर।** राजीव लोचन फाउंडेशन ने रोहिणीपुरम स्थित अनीता सदन में दीपावली मिलन का आयोजन किया, जिसमें पदाधिकारी व सदस्य गण बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजकों द्वारा समस्त उपस्थितो का साउथ गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। सभी पदाधिकारियो ने मिठाई बांटकर आपस में खुशियां बांटी तथा दिवाली की बधाई दी। अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि इस दिन को यादगार बनाने के लिए गीत – गायन, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, हास्य व्यंग्य व गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान संरक्षक प्रमोद मिश्रा, अध्यक्ष ललित मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, विनोद मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अरुण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, संजय मिश्रा, अतुल मिश्रा, आलोक मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, अजय मिश्रा, डॉ विवेक मिश्रा, मुकेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुमित मिश्रा, ममता मिश्रा, अनीता मिश्रा, अपर्णा मिश्रा, सोपान मिश्रा, संदीपन मिश्रा, प्रीति मिश्रा सहित सदस्य गण शामिल रहे।

### मतगणना केंद्रों में वीआईपी की नो एंट्री

**रायपुर, 21 नवम्बर।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केंद्रों में वीआईपी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। राज्य के मंत्री हो या फिर केंद्र के मंत्री मतगणना केंद्रों में उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मंत्री, सांसद, विधायक और महापौर गणना एजेंट भी नहीं बन सकेगें। साथ ही शासकीय कर्मचारी भी पार्टियों के एजेंट नहीं बन सकेगें। मंत्रीगण केवल उस स्थिति में ही मतगणना केन्द्रों में प्रवेश पा सकेंगे, जब वे खुद विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हों। वे केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तैनात सशस्त्र गार्डों को मतगणना केन्द्र के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

### उपन्यास फायर बर्ड बना प्राइस फॉर लिटरेचर का विजेता




**रायपुर, 21 नवम्बर।** पेरुमल मुरुगन द्वारा तमिल भाषा में रचित और जननी कन्नन द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित तथा पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित उपन्यास फायर बर्ड को साहित्य के लिए जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर 2023 से नवाजा गया है, जिसके तहत लेखक को 25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अनुवादक को 10 लाख रुपए की धनराशि से सम्मानित किया गया। होटल द ताज महल, नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में, जेसीबी ग्रुप के चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड ने वर्चुअल संबोधन द्वारा जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर के विजेताओं की घोषणा की। इस मौके पर लॉर्ड बैमफोर्ड की तरफसे जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपक शेट्टी ने, एक सुंदर कलाकृति 'मिरर मेल्टिंग', जिसे दिल्ली के दो कलाकारों ठुकराल और टैगरा द्वारा बनाया गया है, लेखक पेरुमल मुरुगन को सम्मान के रूप में प्रदान की गई, जिसे पुस्तक की तमिल प्रकाशक और अंग्रेजी संस्करण की संपादक मानसी सुब्रमण्यम द्वारा प्राप्त किया गया क्योंकि विजेता पुस्तक के लेखक पेरुमल मुरुगन तथा अनुवादक जननी कन्नन किसी कारणवश सम्मान समारोह में उपस्थित नहीं थे।

# पीएससी में भर्ती के लिए शीघ्र जारी किया जाएगा विज्ञापन

## कार्यप्रणाली में सुधार लाने का प्रयास : नेतामा

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)




**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम आने के बाद भर्ती के विज्ञापन जारी कर दिए जाएंगे। वर्तमान में पीएससी का कार्यभार एक आयुर्वेदिक डॉक्टर के हाथों में है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवनियुक्त अशासकीय सदस्य संतराम नेताम ने बताया कि विधानसभा चुनाव के कारण पीएससी में भर्तियां तथा नए पदों के लिए विज्ञापन जारी नहीं हो पाए थे। मतों की गणना तीन दिसम्बर को होगी। परिणाम आने के बाद सारी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ पीएससी की कार्यप्रणाली को लेकर वैसे भी युवाओं में काफी रोष है। पूर्व अध्यक्ष सोनवानी द्वारा की गई नियुक्तियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मामला कोर्ट में है। इसके पूर्व 2006 में भी जो चयन सूची जारी की गई थी वह भी कोर्ट में फैसले के लिए लंबित है। पीएससी के कार्यवाहक चेयरमेन डॉ. प्रवीण वर्मा हैं जो कि पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। कांग्रेस शासनकाल में दो अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति की गई है उसमें सरिता उके तथा संतराम नेताम हैं। ज्ञात रहे संतराम नेताम पिछले कई वर्षों से जोगी की जाति को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़ रहे थे। भूपेश सरकार के अंतिम दिनों में उन्हें न्याय मिला।

### व्यापमं तथा अपेक्स में भी होगी नियुक्ति

अपेक्स बैंक सहित कई विभागों द्वारा व्यापमं के माध्यम से लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इसका परिणाम और साक्षात्कार तीन दिसम्बर को बाद होगा। व्यापमं द्वारा भी अनेक पदों के लिए विज्ञापन निकाले गए थे। व्यापमं ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनेक पदों के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद चयन सूची जारी कर दी गई है।

### केंद्र के समान डीए की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारी लगातार केंद्र के समान महंगाई भत्ता (डीए) देने की मांग कर रहे हैं और इसे पूरा कराने जद्दोजहद कर रहे हैं. वहीं चुनाव के कारण लगे आचार संहिता के बीच छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी कर्मचारियों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुशंसा की थी. लेकिन दीपावली के पहले अनुमति नहीं मिलने से कर्मचारियों में रोष है. इस बीच अब छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने महंगाई भत्ता को लेकर निर्वाचन आयोग से अनुशंसा की है. छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन पत्र में कहा कि दीपावली राष्ट्रीय त्योहार होने के कारण उक्त पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए अन्य माह की तुलना में प्रदेश के कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक व्यय का सामना करना पड़ रहा है. यह पर्व नवंबर माह के मध्य सप्ताह में होने के कारण कर्मचारियों और पेशनरों को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है.

### आंवला पेड़ की पूजा



रायपुर, 21 नवम्बर। मोतीबाग में आंवला नवमी पर आज आंवला पेड़ की पूजा करने महिलाओं की अच्छी उपस्थिति रही।

# नेहरू पुस्तकालय को मिला ई-लर्निंग पुरस्कार




**रायपुर, 21 नवंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर को कर्सोटियम फॉर ई-रिसोर्सेस इन एग्रीकल्चर (सेरा) के बेहतर उपयोग एवं उसका अधिकतम पाठकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ उपयोग किए जाने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा 2022 के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ओडिसा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में आयोजित पुस्तकालयाध्यक्षों के सम्मेलन एवं सेरा एम्बेस्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. माधव पाण्डेय ने कुलपति डॉ. पी.के. राउल (ओडिसा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर) एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उच्चाधिकारी और सेरा प्रमुख डॉ. एच.के. त्रिपाठी की उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इस पुरस्कार हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों एवं कृषि विश्वविद्यालयों में से सर्वश्रेष्ठ उपयोग करने के लिए नेहरू पुस्तकालय को चुना गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के नेहरू पुस्तकालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा ई-संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए कर्सोटियम फॉर ई-रिसोर्सेस इन एग्रीकल्चर (सेरा) की सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है जिनके माध्यम से हजारों कृषि से संबंधित देशी-विदेशी शोध पत्रिकाएं, ई बुक, शोध ग्रंथ, रिव्यू, एडवांसेस, एब्सटेक्ट तथा फुलटेक्स्ट आर्टिकल की सुविधा पाठकों का प्रदान की जा रही है।

# रायपुर संभाग में मतगणना के लिए 25 को प्रशिक्षण

■ बस्तर तथा कांकेर जिले में आज से गणना का प्रशिक्षण
■ 1260 पर्यवेक्षक तथा माइक्रो आब्जर्वर किए गए नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान के पश्चात मतों की गणना के लिए 25 नवम्बर को रायपुर संभाग के लिए मतों की गणना के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। बस्तर संभाग के लिए आज से प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मतदान के पश्चात गणना का कार्य 3 दिसम्बर को होगा। वर्तमान में सभी जिलों में मतपेटियां व ईवीएम सील कर स्ट्रांग रूम में रख दी गई है। प्रदेश के कुल 33 जिलों में मतों की गणना का कार्य होगा। इसके लिए पर्यवेक्षकों, सहायकों एवं माइक्रोआब्जर्वर सहित पुलिस वालों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें प्रत्येक चक्र में होने वाली गणना के लिए टेबलों की स्थिति एवं ईवीएम की जानकारी दी जा रही है। कुल मतदान केंद्रों के अनुसार ही टेबल बढ़ाए जाएंगे। एक अनुमान के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। एक चक्र में 15 ईवीएम के मतों की गणना होगी। 23 नवम्बर को दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले बेमेतरा, बालोद एवं दुर्ग के मतगणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। रायपुर में 25 नवम्बर को सिविल लाईन स्थित सर्किट हाउस में प्रशिक्षण दिया जाएगा। रायपुर संभाग के अंतर्गत 19 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों में मतगणना प्रशिक्षण की तिथि तय नहीं हुई है। राजनीतिक दलों ने भी अपने मतगणना एजेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए दो फोटो तथा अभ्यर्थी की ओर से इनका आवेदन आएगा।

### शासकीय कार्यालयों में कामकाज शुरू

विधानसभा निर्वाचन के बाद अब जिला कार्यालयों में पिछले तीन हफ्तों से बंद पड़ी फाइलों को खोला जा रहा है। राजस्व सहित अन्य विभागों में भी कामकाज शुरू हो गया है। मंत्रालय में भी नई सरकार का इंतजार है। नई सरकार आने के बाद उनकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाएगा। फिलहाल चर्चा का दौर चल रहा है।

## राजेन्द्र निगम का सम्मान



**रायपुर, 21 नवम्बर।** कायस्थ समाज रायपुर द्वारा 19 नवम्बर को होटल प्रकाश पैलेस पचपेड़ी नाका में दीपावली मिलन समारोह दोपहर 2 बजे से अविवाहित युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें जगदलपुर, दुर्ग, नागपुर, राजनांदगांव, महासमुन्द अम्बिकापुर से समाज के अध्यक्ष/संयोजक सहित 51 परिवार शामिल हुए। शाम 6 बजे से कायस्थ कल्चरल ग्रुप के द्वारा सुगम संगीत प्रस्तुत किया गया इसके उपरांत सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार श्रीवास्तव डायरेक्टर दूरदर्शन केन्द्र रायपुर, अध्यक्षता संजय श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष आर.डी.ए. विशिष्ठ अतिथि ए.पी. सिंग अनुराधा खरे, अनिल कुमार व्यास, राम प्रकाश श्रीवास्तव प्रदेश संयोजक कायस्थ समाज छत्तीसगढ़, डॉ अनिल वर्मा, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी की पूजन आरती के पश्चात लगभग 1300 अविवाहित युवक एवँ युवतियों के बायोडाटा एवं फ़ोटो सहित प्रकाशित पत्रिका तलाश ए हमसफ़र का विमोचन किया गया। इसके साथ ही समाज के कुछ विशिष्ट कार्य मे अग्रणी लोगों का सम्मान भी किया गया।

## श्रीसुदर्शन संस्थानम् में गोपाष्टमी महोत्सव



**रायपुर, 21 नवम्बर।** सुदर्शन संस्थानम् शंकराचार्य आश्रम रावाभांठा स्थित श्रीगोवर्धन गौशाला में गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा भाव एवं परंपरागत तरीके से बड़े धूमधाम से मनाया गया। गौमाताओं को स्नान कराकर और सुसज्जित करके वेदमंत्रों के साथ गौमाता और बछड़ों का विधिवत पूजन किया गया। तत्पश्चात सभी ने गौमाताओं को खिचड़ी, चारा, गुड़, पकवान एवं प्रसाद खिलाकर और गो परिक्रमा कर सुख, शांति की कामना की। गो पूजन पश्चात सर्वभूतहृदय यतिचक्र चूड़ामणि धर्मसम्राट स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज का षोडशोपचार पूजन कर पं0 रूद्र कृष्ण महाराज द्वारा गोपाष्टमी के दिन 07 नवंबर 1966 को दिल्ली में हुये गोरक्षा आंदोलन एवं गोसेवा ङ्क गोरक्षा ङ्क गौसंवर्धन और उनकी महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। वहीं संध्या बेला में गौभक्तों ने गोशाला परिसर में भक्तिमय वातावरण में संकीर्तन करते हुये परिक्रमा लगाई और गोरक्षा का संकल्प लिया। गौशाला में गोपूजन के समय पं0 रूद्र कृष्ण महाराज, पं0विमल दुबे, पं0 ब्रजेश उपाध्याय, श्रीमति सीमा तिवारी, उत्तम शर्मा, शिवप्रसाद मिश्रा, श्रीमति वीणा मिश्रा, श्रीमति उमा उमेश साहू सहित शंकराचार्यजी के शिष्य परिवार विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि दीपावली के ठीक बाद आने वाली कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल अष्टमी के दिन ही मां यशोदा ने भगवान कृष्ण को गाय चराने के लिये जंगल भेजा था। इस दिन गौ, ग्वाल और भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करने का महत्व है। हिंदू धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है। कामधेनु के रूप में गाय माता सभी की मनोकामना पूर्ण करती हैं। मृत्यु के पश्चात जीव गाय माता की पूंछ पकड़ कर ही वैतरणी नदी को पार करता है।

## कांग्रेस अपनी हार की समीक्षा कर रही : बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर, 21 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में अब दावों और कयासों का दौर चल रहा है। वहीं पहले और दूसरे चरण के चुनाव के बाद समीक्षा का दौर जारी है। हार, जीत को लेकर बयानबाजी भी की जा रही है। बीजेपी और कांग्रेस अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस की समीक्षा बैठक पर रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कस्ते हुए कहा कि कांग्रेस हार की समीक्षा और बहाना ढूंढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी हार की समीक्षा कर रही है। क्योंकि उसे इस बात का आभास हो गया है कि उनकी विदाई जनता ने तय कर दी है। जनता बीजेपी के स्वागत के लिए तैयार है, इसलिए कांग्रेस अपनी विदाई और हार की समीक्षा कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आभास हो गया है कि वह जाने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैं 19 नवंबर को महादेव घाट में छठ कार्यक्रम में था। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल की बॉडी लैंग्वेज और उनका दबा हुआ बोल इस बात को स्पष्ट करता है कि उन्हें आभास हो गया है कि वह जाने वाले हैं और बीजेपी सरकार आने वाली है। अग्रवाल ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा बहुमत से आएगी और प्रदेश में सरकार बनाएगी। कांग्रेस में सीएम को लेकर घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस में पहले मुख्यमंत्री के चार दावेदार थे, अब पांच हो गए हैं। कांग्रेस की ओर से छत्तीसगढ़ महतारी की आस्था पर कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी कोई नई बात नहीं है। हम पिछले 40 साल से छत्तीसगढ़ महतारी की जयकारे लगा रहे हैं। कांग्रेस केवल राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ महतारी का उपयोग करती है।

## विप्र कॉलेज तीसरी बार बना चैम्पियन



**रायपुर. 21 नवंबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शंकराचार्य कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भी विप्र कॉलेज ने डागा कॉलेज को 6 विकेट से पराजित कर चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। डागा कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 36 रन में आलआउट हो गई। विप्र कॉलेज के मनस्वी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। निशा ने 3विकेट व मोहसिना ने दो विकेट लिए। जवाब में विप्र कॉलेज चार विकेट के नुकसान पर 40 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया। मिताली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 बॉल में 19रन बनाएं। डागा कॉलेज के पूनम ने तीन विकेट प्राप्त किया। इसके पूर्व पहला मैच शासकीय महाविद्यालय धमतरी और विप्र कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें विप्र कॉलेज में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। मिताली के शानदार 50 रन 27 गेंद में और प्रिया के 13 गेंद में 28 रन के बदौलत विप्र कॉलेज ने दो विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाएं। जवाब में धमतरी महाविद्यालय छह विकेट के नुकसान पर मात्र 26 रन बन पाई। इस प्रकार विप्र कॉलेज ने 78 रन से शानदार जीत शासकीय धमतरी महाविद्यालय पर प्राप्त किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि इसके पूर्व उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र महाविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज पुरुष वर्ग का क्रिकेट टूर्नामेंट में विप्र कालेज ने लगातार पांचवीं बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

# राजधानी में पुराने विवाद पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

**रायपुर, 21 नवम्बर।** राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। आरोपितों ने पुराने विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए तीन आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। वहीं अन्य फरार आरोपितों की पतासाजी की जा रही है। राजधानी रायपुर में एक सप्ताह के भीतर यह छठवीं हत्या की वारदात हुई है।

टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मठपुरैना क्षेत्र में दिनेश कुमार उर्फ बब्बा का पुराने बदमाशों के देर रात विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपितों ने हाथ-मुक्के से पिटाई कर दी। इससे उसके शरीर में गंभीर चोट आई। वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। घटना की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिनेश कुमार क्षेत्र के निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ राजधानी के अलग-अलग थानों में सात से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वहीं हत्या के आरोपित भी आदतन अपराधी हैं। उसके भी खिलाफ मामले चल रहे हैं।बीते दिनों सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुराने गाली-गलौज चलते तीन नाबालिगों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है जहां जुआ खेलने के दौरान वहां पहुंचे युवक की राड, डंडे और पत्थर से पटकर हत्या कर दी गई। इसी तरह कबीर नगर थाना क्षेत्र में दीवाली त्योहार के दिन दीपक जलाने के दौरान पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज करने के विवाद पर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर इलाके में बदमाशों ने पुराने विवाद पर युवक हत्या की गई। वहीं धरसींवा में छह युवकों ने एक वर्ष पुराने विवाद पर युवक की हत्या कर दी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23